# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 6 दिसंबर 2025


# अटल विवि में एक करोड़ की गड़बड़ी, उच्च शिक्षा विभाग ने जब्त किए दस्तावेज

## जैम पोर्टल खरीदी में कारनामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हरिभूमि फॉलोअप

खरीदी बिक्री नियमों की अवहेलना के साथ ही जैम पोर्टल के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा एक करोड़ से अधिक की खरीदी की गई। हरिभूमि ने मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद अब उच्च शिक्षा संचालनालय ने इस मामले में जांच के लिए एडिशनल डायरेक्टर केके तिवारी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय जांच टीम बनाई है। टीम में दो अन्य सदस्य गोवर्धन यदु (सहायक संचालक), महेश साहू (वित्त अधिकारी) शामिल थे। टीम शुक्रवार को बिलासपुर पहुंची और एयू में चार घंटे तक दस्तावेजों की जांच की। विवि से इस बारे में जवाब भी मांगा गया और अधिकारियों से पूछताछ भी की गई। जांच टीम ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रबंधन के जिन अधिकारियों ने इस पूरी प्रक्रिया को क्लियरेंस दिया, वे भी जांच के दायरे में होंगे। दरअसल एक करोड़ रुपए ▶▶| शेष पेज 6 पर

## हरिभूमि ने इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, अधिकारियों से पूछताछ भी की गई

### जानबूझकर टेंडर में कई शर्तें जोड़ी गई

हरिभूमि ने जब इस मामले में पड़ताल की तो पाया कि इन फर्मों की मालिकाना संरचना एक ही व्यक्ति से जुड़ी है और इसने जैम पोर्टल पर अलग-अलग पहचान देकर खरीद का फॉर्मेट तैयार किया। साथ ही निविदा प्रक्रिया में ऐसे शर्तें जोड़ी गईं, जो केवल संबंधित सप्लायरों के पास ही उपलब्ध थीं। इस पद्धति से जेम पोर्टल की मूल भावना को ही दरकिनार कर दिया गया।


जैम पोर्टल खरीदी में नया कारनामा, सप्लाई करने वाले का नाम तो दर्ज लेकिन खरीदने वाले कौन है पता ही नहीं

### जांच दल को दिए गए दस्तावेज

*उच्च शिक्षा संचालनालय ने इस मामले में जांच के लिए एडिशनल डायरेक्टर केके तिवारी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय जांच टीम बनाई है। टीम में दो अन्य सदस्य गोवर्धन यदु (सहायक संचालक), महेश साहू (वित्त अधिकारी) शामिल थे। टीम शुक्रवार को बिलासपुर पहुंची थी। विवि की ओर से सारे दस्तावेज जांच टीम को उपलब्ध करा दिए गए हैं।*

*-तारणीश गौतम, रजिस्ट्रार अटल यूनिवर्सिटी*

### इस तरह की गई गड़बड़ी

*अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा 15 अप्रैल को 2025 को जैम पोर्टल के माध्यम से बिना निविदा किए एल 1 पद्धति से लगभग एक करोड़ के ऊपर की खरीदी की गई है जिसे तीन फ़र्मों को 26 क्रय आदेश एक ही दिन में जारी किए गए है। इसमें सागर इंडस्ट्रीज, जांजगीर, सिंघानिया ग्रुप ऑफ़ इंडस्ट्रीज, जांजगीर और ओशन एंटरप्राइज, जांजगीर से पूरी खरीदी की गई। ठीक इसी प्रकार 19 अप्रैल 2025 को भी 6 क्रय आदेश और 28 अप्रैल 2025 को कार्य आदेश जारी हुए है जो इन्हीं फर्मों को दिए गए हैं। इसी वीरांगना रमोतीन गवर्नमेंट मॉडल कॉलेज, नारायणपुर, गवर्नमेंट कॉलेज, महासमुंद द्वारा भी इन्हीं तीन फर्मों से खरीदी की गई है।*

### 20 अलग-अलग टेंडर जारी किए गए

*हरिभूमि के पास उपलब्ध दस्तावेजों पर नजर डालें तो इस फर्नीचर की खरीदी लिए जैम पोर्टल पर विज्ञापन जारी किया। जांजगीर की इस कंपनी ने 45 लाख का सामान किस जगह पर सप्लाई की है उसकी कोई जानकारी किसी के पास नहीं है। टेबल, कुर्सी के साथ ही सोफा सेट और आलमारी की खरीदी की गई है। खास बात खबर है कि सारी खरीदी एक ही टेंडर में की जा सकती थी लेकिन इसके लिए 20 अलग अलग टेंडर जारी हुए। रिवर्स बीडिंग नियम से बचने के लिए 25 लाख की खरीदी एक साथ नहीं की गई और 2 लाख से लेकर 4 लाख तक के आर्डर दिए गए। सभी टेंडर दो ही दिन 15 अप्रैल और 19 अप्रैल को जारी किए* ▶▶| शेष पेज 6 पर









## भारत-रूस के बीच 16 समझौते, पुतिन ने पीएम मोदी को दिया रूस आने का न्योता

# मोदी बोले- रूस सबसे करीबी दोस्त पुतिन ने कहा- संबंध और होगा गहरा

*रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच गुरुवार को बेहद अहम बैठक हुई। 23वीं शिखर बैठक के बाद दोनों देशों ने साझा बयान जारी किया। पीएम मोदी ने अपने बयान में बताया कि दोनों देशों के रिश्ते कितने गहरे हैं। उन्होंने रूस को सबसे करीबी दोस्त बताया। पुतिन ने कहा कि भारत-रूस का संबंध और गहरा होगा। दोनों देशों के बीच न्यूक्लियर प्लांट, यूरिया प्रोडक्शन, टूरिस्ट वीजा और यूक्रेन वॉर पर चर्चा हुई।*

**राष्ट्रपति भवन में 21 तोपों की सलामी के साथ पुतिन का स्वागत**

**रूसी राष्ट्रपति ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत-रूस के बीच विजन 2030 दस्तावेज पर हस्ताक्षर, हेल्थ, फूड सेफ्टी सेक्टर में एग्रीमेंट, फ्री टूरिस्ट वीजा, 2030 तक 100 बिलियन डॉलर कारोबार का लक्ष्य, फ्री ट्रेड पर वार्ता, तकनीक क्षेत्र समेत 16 समझौते हुए। वहीं, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री पीएम मोदी को रूस आने का न्योता दिया।

भारत, रूस ने शुक्रवार को प्रवासन और आसान आवाजाही से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों ने स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा क्षेत्रों में सहयोग से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर ▶▶| शेष पेज 6 पर

### आतंकवाद के खिलाफ साथ-साथ

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और रूस ने लंबे समय से कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया है। पहलगाम में हुआ आतंकी हमला हो या क्रोकस सिटी हॉल पर किया गया कायरतापूर्ण आघात, इन सभी घटनाओं की जड़ एक ही है। भारत का अटल विश्वास है कि आतंकवाद मानवता के मूल्यों पर सीधा प्रहार है और इसके खिलाफ वैश्विक एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।



### रूस की मदद से बन रहा न्यूक्लियर प्लांट

पुतिन ने कहा, रूस और भारत मिलकर भारत में सबसे बड़ा न्यूक्लियर पावर प्लांट बना रहे हैं। यह कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट (तमिलनाडु) है। यह भारत का नहीं, बल्कि एशिया के सबसे बड़े न्यूक्लियर प्रोजेक्ट्स में से एक है। इस प्लांट में कुल 6 रिएक्टर बनाए जा रहे हैं। हर रिएक्टर 1000 मेगावॉट बिजली पैदा करेगा।

### इकोनॉमिक कोऑपरेशन प्रोग्राम

पीएम मोदी ने कहा, आज हमने 2030 तक के लिए एक इकोनॉमिक कोऑपरेशन प्रोरग्राम पर सहमति जताई है। इससे हमारा व्यापार और निवेश मुख्तलिफ, बैलेंस्ड और टिकाऊ बनेगा।

### अहम समझौते

- कोऑपरेशन और माइग्रेशन पर एग्रीमेंट
- हेल्थकेयर और मेडिकल एजुकेशन पर समझौता
- फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड्स पर एग्रीमेंट
- पोलर शिप्स और मैरिटाइम कोऑपरेशन पर समझौता
- फर्टिलाइजर पर एग्रीमेंट

## खबर संक्षेप

### अनिल अंबानी की 1120 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत और 1,120 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क की हैं। रिलायंस समूह की कुल 10,117 करोड़ रुपए की संपत्तियां अब तक कुर्क की जा चुकी हैं।

### कार ट्रक से टकराई पांच छात्रों की मौत

**चिलकलूरिपेट।** आंध्र प्रदेश में चिलकलूरिपेट में एक कार ट्रक से टकरा गई, जिससे इंजीनियरिंग के पांच छात्रों की मौत हो गई। ये अयप्पा स्वामी दीक्षा कर रहे थे। यह दुर्घटना नए बाईपास रोड पर उस समय हुई जब ट्रक चालक ने कथित तौर पर अचानक अपने वाहन की गति धीमी कर दी।

**हरिभूमि- आईएनएच - जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी और उनके परिजनों को दी सांत्वना**

## सीएम साय और विस अध्यक्ष डॉ. रमन ग्वालियर पहुंचे कीर्ति नारायण द्विवेदी के निधन पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ग्वालियर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ग्वालियर में हरिभूमि-आईएनएच-जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के ग्वालियर स्थित सिंधी कॉलोनी निवास पहुंचे। यहां उन्होंने डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिताजी स्वर्गीय कीर्ति नारायण द्विवेदी जी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. हिमांशु द्विवेदी की माताजी श्रीमती रमा द्विवेदी, ▶▶| शेष पेज 6 पर


**आज प्रार्थना सभा एवं गंगा प्रसादी**

स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी जी का 25 नवंबर को देवलोक गमन हो गया था। उनकी शनिवार को त्रियोदशी पूजा व गंगा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। ग्वालियर स्थित चैंबर्स ऑफ कॉमर्स भवन में बड़ी संख्या में वरिष्ठ जन शामिल होंगे।


त्रयोदशी संस्कार

अनित्यं जीवितं लोके, नित्यं मृत्युः प्रतिष्ठितः।
कर्मणा जायते जन्म, धर्मेणैव विमुच्यते॥



स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी जी

1945 – 2025

मेरे पति श्री कीर्ति नारायण द्विवेदी जी का देवलोक गमन
दिनांक 25 नवंबर को हो गया था
जिनकी त्रयोदशी पूजा व गंगा प्रसादी का आयोजन किया गया है

प्रार्थना सभा एवं गंगा प्रसादी

शनिवार 6 दिसंबर 2025 | सुबह 11:30 बजे से

स्थान : चैंबर्स ऑफ कॉमर्स भवन, ग्वालियर

श्रद्धानवत

श्रीमती रमा द्विवेदी (पत्नी)

राधाकांत - जया गोस्वामी (बहनोई-बहन)
भूपेंद्र नारायण - वंदना द्विवेदी (भाई-अनुजवधू)
डॉ. हिमांशु (प्रधान संपादक, हरिभूमि समाचार पत्र समूह) - डॉ. पूजा द्विवेदी (पुत्र-पुत्रवधू)
एडवोकेट रवि - एडवोकेट कीर्ति द्विवेदी (पुत्र-पुत्रवधू)
डॉ. राखी - डॉ. अविनाश शर्मा (पुत्री-दामाद)
कार्तिकेय-नेहल, राधिका, शिवांश, धवल और आराध्या (पौत्र-पौत्री)


## चारामा के पूर्व जनपद अध्यक्ष की आंबेडकर अस्पताल में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/कांकेर

कांकेर, चरामा के पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष तथा सर्व आदिवासी सामाज के पूर्व जिला अध्यक्ष जीवन ठाकुर (49) की आंबेडकर अस्पताल में उपचार के दौरान मौत की घटना के बाद विवाद गहरा गया है। परिजन तथा पीसीसी चीफ दीपक बैज ने आरोप लगाते हुए कहा कि आदिवासी समाज के नेता को प्रताड़ित किया गया, जिसकी वजह से उसकी मौत हुई है। इसके लिए श्री बैज ने कांग्रेस तथा आदिवासी समाज द्वारा आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

कांकेर जेल प्रशासन के अनुसार जीवन ठाकुर की तबीयत बिगड़ने पर उसे उपचार के ▶▶| शेष पेज 6 पर

### सहायक जेलर निलंबित

सर्व आदिवासी समाज तथा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जीवन लाल ठाकुर की मौत मामले को जेल मुख्यालय ने गंभीरता से लेते हुए कांकेर के सहायक जेलर रेणु ध्रुव को निलंबित करने का ▶▶| शेष पेज 6 पर

**मास्टरमाइंड निकला सुकमा का अंकित**

## ज्वेलर्स में 12 लाख की लूट तीन घंटे में धरे गए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिला मुख्यालय सुकमा के दुर्गा ज्वेलर्स में गुरुवार की रात करीब 12.08 लाख रुपए की लूट हो गई। सनसनीखेज वारदात को सुकमा पुलिस ने सिर्फ 3 घंटे में सुलझाकर अपराधियों की पूरी प्लानिंग ध्वस्त कर दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों ▶▶| शेष पेज 6 पर

### एक को भीड़ ने पकड़ा

लूट के दौरान दुकानदार ने शोर मचाया तो आसपास मौजूद लोगों ने एक आरोपी को आभूषण सहित मौके पर ही दबोच लिया। दूसरा अंधेरे का फायदा ▶▶| शेष पेज 6 पर

**रेपो दर 5.25 प्रतिशत करने का निर्णय**

# एक साल में चौथी बार घटा रेपो दर, कर्ज होगा सस्ता

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को नीतिगत रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की। इससे घर, वाहन और अन्य कर्ज सस्ता होने की उम्मीद है। इस साल में यह चौथी कटौती है। इसके साथ ही आरबीआई ने बैंकों में एक लाख करोड़ रुपये की नकदी डालने की भी घोषणा की। इससे अर्थव्यवस्था को अमेरिकी शुल्क के प्रभाव से सुरक्षित रखने और रुपए की कीमत में आई गिरावट से निपटने में मदद मिलेगी। आरबीआई की छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ▶▶| शेष पेज 6 पर



### कितना सस्ता होगा कर्ज

ताजा कटौती के बाद 20 साल के 20 लाख रुपए के लोन पर ईएमआई 310 रुपए तक घट जाएगी। इसी तरह 30 लाख के लोन पर ईएमआई 465 रुपए तक घट जाएगी। नए और मौजूदा ग्राहकों दोनों को इसका फायदा मिलेगा।

### आर्थिक वृद्धि अनुमान अब 7.3 फीसदी

आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया। इसके अलावा महंगाई दर के अनुमान को 2.6 प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत कर दिया गया है। आरबीआई गवर्नर ने एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कहा, मुद्रास्फीति 2.2 प्रतिशत के संतोषजनक स्तर पर है और ▶▶| शेष पेज 6 पर

### क्या होगा असर

रेपो रेट घटने के बाद बैंक भी हाउसिंग और ऑटो जैसे लोन्स पर ब्याज दरें कम करते हैं। ब्याज दरें कम होने पर हाउसिंग डिमांड बढ़ेगी। ज्यादा लोग रियल एस्टेट में निवेश कर सकेंगे। इससे रियल एस्टेट सेक्टर को बूस्ट मिलेगा। आरबीआई ने फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया था। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की ओर से ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी।

# मुख्यमंत्री जनपर्यटन प्रोत्साहन योजना से छत्तीसगढ़ पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान

**छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग एवं आईआरसीटीसी मिलकर मुख्यमंत्री जनपर्यटन प्रोत्साहन योजना के तहत रायपुर और बस्तर में पर्यटकों के लिए विशेष टूर पैकेजों की शुरुआत जल्द ही करने जा रहे है। यह पहल प्रदेश की सांस्कृतिक, धार्मिक और प्राकृतिक विरासत के प्रसार के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।**

## 75 प्रतिशत सब्सिडी के साथ पर्यटकों के लिए आकर्षक टूर पैकेजों की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस योजना के अंतर्गत रायपुर से चार प्रमुख टूर पैकेज संचालित किए जाएंगे, जिनमें रायपुर सिटी टूर, रायपुर सिटी धार्मिक टूर, रायपुर–जगदलपुर सर्किट टूर और रायपुर–सिरपुर–बारनवापारा सर्किट टूर शामिल हैं। प्रत्येक पैकेज में वातानुकूलित वाहन, हिंदी-अंग्रेजी गाइड, भोजन और ट्रैवल इंश्योरेंस जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे पर्यटक आरामदायक और सुरक्षित यात्रा का आनंद ले सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पर्यटन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह महत्वपूर्ण योजना शुरू की गई है। इससे न केवल आर्थिक विकास को बल मिलेगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त होगी। पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि यह योजना स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ रोजगार के व्यापक अवसर भी उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक समृद्धि हर पर्यटक तक पहुँचे।




### टूर पैकेज की विशेषताएं

प्रत्येक पैकेज के लिए कम से कम 10 व्यक्तियों का समूह आवश्यक है। यात्रा के दौरान पर्यटकों को पीने का पानी, स्नैक्स, लंच और ट्रैवल इंश्योरेंस दिया जाएगा। 2 से 18 वर्ष तक के बच्चों को 85% और 18 वर्ष से अधिक के वयस्कों को 75% सब्सिडी प्रदान की जाएगी। सभी पैकेज रायपुर रेलवे स्टेशन से शुरू और समाप्त होते हैं।

### प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने में मिलेगी मदद



मुख्यमंत्री जन पर्यटन प्रोत्साहन योजना छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में पर्यटन को सुलभ, समृद्ध और आकर्षक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह आने वाले समय में प्रदेश को प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

- विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

### प्रमुख टूर पैकेज

**रायपुर सिटी टूर (दिवसीय भ्रमण):** इस टूर में पर्यटक रायपुर के प्रमुख स्थलों-राम मंदिर, ऊर्जा पार्क, पुरखौती मुक्तांगन, छत्तीसगढ़ ट्राइबल म्यूजियम, नंदनवन जू और कौशल्या माता मंदिर की सैर कर सकेंगे। पैकेज में वातानुकूलित वाहन, हिंदी/अंग्रेजी गाइड, भोजन और यात्रा बीमा शामिल है। प्रस्थान रायपुर रेलवे स्टेशन से होगा।

**रायपुर सिटी धार्मिक टूर (दिवसीय भ्रमण):** धार्मिक स्थलों पर केंद्रित यह टूर हनुमान मंदिर, मां बंजारी मंदिर, कैवल्य धाम जैन मंदिर, इस्कॉन मंदिर, महामाया मंदिर, दंतेश्वरी माता मंदिर, राम मंदिर और मां कौशल्या माता मंदिर की यात्रा का अनुभव प्रदान करेगा। इस टूर की शुरुआत और समापन भी रायपुर रेलवे स्टेशन से ही होगा।

**रायपुर-जगदलपुर सर्किट टूर (2 रात / 3 दिन):** इस पैकेज में बस्तर क्षेत्र के प्राकृतिक और सांस्कृतिक स्थलों-जगदलपुर, चित्रकोट, तीरथगढ़-की यात्रा शामिल है। पर्यटक चित्रकोट जलप्रपात, कुटुमसर गुफा, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान और दंतेश्वरी मंदिर जैसे प्रमुख आकर्षणों का आनंद ले सकेंगे। ठहराव डबल-शेयरिंग होटल में होगा तथा दैनिक भोजन की व्यवस्था रहेगी।

**रायपुर-सिरपुर-बारनवापारा सर्किट टूर (एक रात / 2 दिन):** यह टूर सिरपुर के ऐतिहासिक मंदिरों और बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य की सैर करवाएगा। पैकेज में स्नैक्स, भोजन, होटल आवास और वातानुकूलित वाहन शामिल हैं। पर्यटकों को जंगल सफारी का रोमांचक अनुभव भी मिलेगा।

## खबर संक्षेप



### उपमुख्यमंत्री ने घायल जवानों का जाना हाल

**जगदलपुर।** जिला बीजापुर तथा दंतेवाड़ा के सरहदी इलाके में नक्सली और पुलिस जवानों के बीच हुए मुठभेड़ में आईडी ब्लास्ट की चपेट में आए घायल जवानों से मिलने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा अस्पताल पहुंचे। एएसआई जनार्दन कोर्राम, आरक्षक रमलू हेमला तथा आरक्षक सोमदेव यादव के बेहतर इलाज के लिए रामकृष्ण हॉस्पिटल रायपुर के चिकित्सकों से चर्चा कर निर्देश दिए। बताया गया कि जवानों की हालत खतरे से बाहर है।

### कोचिंग संचालक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक कोचिंग संचालक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसका शव उसके निवास में मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को मौके पर एक सुसाइड नोट मिला है। जानकारी के अनुसार, वासु कोचिंग के संचालक वासु चंद्राकर का पत्नी के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा था। साथ ही शिक्षा विभाग के एक अधिकारी पर भी सुसाइड नोट में आरोप लगाया गया है।

### 33 में से 20 जिलों में परिवहन के लिए डीओ जारी, 12 में अब तक धान का एक दाना भी नहीं उठा

# उपार्जन केंद्रों से अब शुरू हुआ धान का परिवहन, मिलरों ने उठाया 5 हजार टन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से शुरू हुई न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बाद अब सोसाइटियों के उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव शुरू हो गया है। राज्य के कुछ जिलों में मिलरों ने करीब पांच हजार टन धान उठाया है, लेकिन खास बात ये है कि इस खरीदी सीजन में धान का परिवहन विलंब से हो रहा है। अधिकतर सोसाइटियों में खरीदी की बफर लिमिट पार हो रही है। राज्य में अब तक 22 लाख 7 हजार मीट्रिक टन से अधिक की खरीदी हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि धान खरीदी शुरू होने के करीब 15 दिनों बाद भी धान के एक दाने का भी परिवहन न होने की खबर सबसे पहले हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी।**

खास खबर

राज्य में धान खरीदी शुरू होने के बाद से सोसाइटियों के उपार्जन केंद्रों से धान के परिवहन की व्यवस्था नहीं हो पाई थी। यही कारण था कि अधिकतर उपार्जन केंद्रों में बड़ी मात्रा में धान जमा हो गया था। इसके पीछे वजह ये बताई जाती है कि सरकार ने धान परिवहन के लिए अब तक टेंडर की प्रक्रिया पूरी नहीं की है। धान जमा हो जाने से सोसाइटी प्रबंधक परेशानी में पड़ गए थे, कि अगर समय पर धान का परिवहन नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों खरीदी मुश्किल हो जाएगी, क्योंकि धान रखने की जगह ही नहीं बचेगी। लेकिन अब इस परेशानी का हल निकलना शुरू हो गया है।

### पांच हजार टन धान का उठाव इन जिलों से

राज्यभर में अब तक पांच हजार टन धान का उठाव मिलरों ने किया है। इन जिलों में बिलापुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, जांजगीर-चांपा, कोरबा, मुंगेली, रायगढ़, सक्ती, बेमेतरा, दुर्ग, बलौदाबाजार, धमतरी, महासमुंद, रायपुर जिला शामिल है।

### हरिभूमि ने धान परिवहन न होने का मुद्दा सबसे पहले उठाया था



### इन जिलों में जारी हुआ डीओ

धान खरीदी की प्रक्रिया में खरीदी के बाद अगला बड़ा काम धान परिवहन के लिए डीओ यानि डिलिवरी आर्डर काटने का है। एक दिन पहले चार दिसंबर की स्थिति में राज्य के 33 जिलों में से 20 जिलों डीओ जारी होने की जानकारी मिली है। इनमें जांजगीर चांपा, बिलासपुर, बलौदाबाजार, मुंगेली, रायपुर, रायगढ़, बेमेतरा, दुर्ग, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद, सारंगढ़-बिलाईगढ़, कोरबा, सक्ती, राजनांदगांव, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बालोद, सरगुजा, कवर्धा और कांकेर जिले शामिल हैं। इन जिलों में 1 लाख 65 हजार 332 मीट्रिक टन धान परिवहन के लिए डीओ काटा गया है।

### इन जिलों का नहीं खुला खाता

राज्य में अभी भी 12 जिलों में धान के उठाव के लिए कोई डीओ जारी नहीं हो सका है। इनमें खैरागढ़- छुईखदान-गंडई, कोंडागांव, सूरजपुर, बलरामपुर, मोहला-मानपुर-चौकी, बस्तर, जशपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले शामिल हैं।

### नक्सलियों की साजिश नाकाम

# पगडंडी मार्ग में प्लांट सीरियल बम बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र में नक्सलियों के साजिश को नाकाम करते हुए सुरक्षाबलों ने प्लांट किए गए सीरियल बम बरामद किया है। यह बम नक्सलियों ने पगडंडी मार्ग में प्लांट किया था । इन पगडंडियों से होकर ही अक्सर सर्चिंग के लिए जवान गुजरते हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए नुकसान पहुंचाने के लिए सोर्स आईईडी प्लांट किया गया था। इन बमों को ओरछा 29 वी बटालियन, आईटीबीपी बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वॉड, छोटे डोंगर पुलिस व आईटीबीपी डॉग स्क्वॉड की संयुक्त टीम ने बरामद कर मौके पर निष्क्रिय किया। मामला जिले के अतिसवेंदनशील थाना छोटेडोंगर क्षेत्र का है। सुरक्षा बलों को सूचना मिली कि माड़ीन नदी किनारे पदबेड़ा पगडंडी मार्ग पर नक्सलियों ने आईईडी लगाई है। सूचना मिलते ही संयुक्त टीम ऑपरेशन के लिए रवाना हुई। छोटेडोंगर क्षेत्र के अतिसंवेदनशील ग्राम तोयामेटा पड़बेदा जंगल स्थित पगडंडी मार्ग में नक्सलियों द्वारा आईईडी विस्फोटकों की बरामद कर मौके पर निष्क्रिय कर दिया गया।




### एक किमी रेडियस में कार्रवाई

सयुंक्त टीम द्वारा बम प्लांट क्षेत्र की निशानदेही के आधार पर टीम ने लगभग 1 किलोमीटर रेडियस वाले क्षेत्र को सुरक्षित घेराबंदी किया गया। तलाशी के दौरान नदी किनारे पगडंडी मार्ग पर 3 सोर्स आईईडी बरामद किया गया। इन आईईडी को अत्यंत संवेदनशील स्थिति में लगाए गए थे, जिससे गश्ती दल या ग्रामीणों के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता था। बीडीएस टीम द्वारा तकनीकी प्रक्रिया एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ मौके पर ही सभी आईईडी का सुरक्षित निकालकर निष्क्रिय किया गया।

# बनारस की तर्ज पर दुर्ग में बनेगा मंदिरों का नया कॉरिडोर फाइबर ग्लास से संवरेंगे ऐतिहासिक शीतला व चंडी मंदिर

## सभी प्रमुख और प्राचीन मठ-मंदिरों को आपस में जोड़ने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

बनारस की तर्ज पर दुर्ग में भी मठ-मंदिरों का एक कॉरिडोर बनेगा। इससे शहर के सभी प्रमुख मठ-मंदिर जुड़ जाएंगे। इसके लिए चरणबद्ध कार्यों की कार्ययोजना तैयार की गी है। इस पर करीब 50 करोड़ रुपए की राशि खर्च करने की तैयारी है। प्रथम चरण में लगभग 800 साल पुराने चंडी मंदिर और शीतला मंदिर का कायाकल्प किया जाना है। दोनों ही मंदिरों को आधुनिक जीआरपी याने फाइबर ग्लास मटेरियल से संवारा जाएगा। इसके लिए करीब 1.20 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। अगले 4 महीने में यानी नवरात्र से पहले काम पूरा किया जाना है। कार्य एजेंसी भी तय की जा चुकी है, जो दोनों मंदिरों को आकर्षक रूप देगी। आरईएस के अधिकारी सीके सोने ने बताया कि जीआरपी ग्लास रीइन्फोर्स्ड प्लास्टिक है, जो एक मिश्रित सामग्री है। इसे फाइबरग्लास या कम्पोजिट प्लास्टिक के नाम से भी जाना जाता है। यह एक मजबूत, हल्का और बहुमुखी पदार्थ है जो पॉलिमर रेज़िन और ग्लास फाइबर से बनता है, और इसका उपयोग ढांचे को मजबूत और सुंदर बनाने के लिए किया जाता है। इस पर धूप और बारिश का असर नहीं पड़ता। इसके उपयोग से इमारत सालों तक खराब नहीं होती। मंत्री गजेंद्र यादव की पहल पर ऐतिहासिक मंदिर का सौंदर्यीकरण होगा। इसका ड्राइंग डिजाइन तैयार किया जा चुका है। चंडी मंदिर से नयापारा तक सड़क के चौड़ीकरण का काम शुरू किया जा चुका है। इस पर करीब साढ़े 3 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

### सभी ऐतिहासिक धरोहरों ने सहेजने के लिए बनाया प्लान

अधिकारियों ने बताया कि शहर की सभी ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजने के लिए यह पूरी कार्ययोजना बनाई गई है। 6 चरणों में इसमें काम होना है। इसके अंतर्गत मंदिरों से जुड़ने वाली सभी सड़कों का चौड़ीकरण किया जाएगा। रास्ता रोकने वाले कब्जे हटाए जाएंगे। इसके बाद सभी मठ-मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसका फायदा यह होगा कि भगवान के दर्शन के लिए भक्तों को गलियों में भटकना नहीं पड़ेगा। दुर्ग शहर के बड़ा मठ (राम मंदिर), छोटा मठ (कृष्ण मंदिर), चंडी मंदिर, शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, किल्ला मंदिर, शीतला मंदिर, संतोषी मंदिर, लंगूरवीर मंदिर, प्रमुख आस्था के केंद्र है। लोगों की दिनचर्या इन्हीं मठ-मंदिरों के इर्द-गिर्द रही है। ये सभी मंदिर टीलेनुमा हिस्सों से घिरे हुए हैं। लोक निर्माण विभाग, नगर निगम दुर्ग और आरईएस मिलकर इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं।

### दुर्ग शहर प्रदेश में बनाएगा धार्मिक नगरी के रूप में पहचान

शहर में कई प्राचीन मंदिर और देवालय हैं। शहर के विस्तार के साथ ही सड़कें सकरी हो गईं। आज इन मंदिरों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है, जिसे ध्यान रखकर यह पूरी कार्ययोजना तैयार की गई है। इस पर काम भी शुरू हो चुकी है। जल्द ही यह धरातल पर नजर आएगा। चंडी मंदिर और शीतला मंदिर का सौंदर्यीकरण शुरू हो चुका है। सड़कों के लिए भी राशि स्वीकृत हो चुकी है।

गजेंद्र यादव, मंत्री, छत्तीसगढ़

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक चालक की मौत

**रायपुर।** आमानाका थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की ठोकर लगने से एक बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। मृतक के परिजन खरोरा निवासी गेंदलाल यादव ने पुलिस को बताया कि बुधवार देर रात अज्ञात वाहन ने उसके दामाद दीपक यादव को बाइक से जाते हुए टाटीबंध के पास ठोकर मार दी। गंभीर रूप से घायल दीपक को उपचार के लिए एम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,**
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562,
website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/1814 Raipur, date 05.12.2025

**SHORT TERM E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL in **three-part** tendering system. The unregistered contractor having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only may be considered on submission of experience certificate for following work as mentioned below:-

| Tender Specifi. No. | Name of Work | NIT value |
|---|---|---|
| CEC/HTPS-KW/W/2025/152 | Providing and fixing partition wall of precoated galvanized iron profile sheets for separation of the 2x660 MW project area from the existing HTPS premises at CSPGCL, Korba West | 25.73 Lacs |

**Note:- (i) The detailed NIT, Eligibility Criteria, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.(ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.**

**Chief Engineer (Civil)**
**CSPGCL, Raipur**

SAVE ELECTRICITY



**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ADDL.CHIEF ENGINEER (S&P) DSPM TPS, KORBA EAST, DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. -(07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepnw.dspmke@cspc.co.in

**E-TENDER NOTICE NO.3175/2025**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced Contractors/bidders for the work as mentioned below for DSPM TPS, CSPGCL, Korba (East):-

| S. N. | Tender Specification No. | Rfx No. (E-Tender No.) | Particulars | Qty | Last Date/ Time of submission of bid. | E.M.D. (Rs) | Tender Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 16-06/DSPM TPS/S&P /CHP/T-3256/2025 | 8100047993 | Work Contract for Repairing work of Air duct with painting at tunnel of BCN-1A/B at CHP division of DSPM TPS, Korba East | As per tender schedule | 24.12.2025 15:30 Hrs | 14310/- | 590/- |

**NOTES:-**(1)For more details, Tender Documents along with Annexures visit our website :–**http://www. cspc.co.in > ebidding > ebidding web portal ORhttp://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.** [Helpline no. 0771-2576672 (EITC, CSPDCL) between 11.00 AM to 05.30 PM on all working days]Any Corrizendum / amendment, if required, shall be displayed on above website only.

// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION //

**Superintending Engineer (Contract)**
**DSPM TPS: CSPGCL KORBA EAST**



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ई-प्रक्योरमेंट निविदा सूचना //**

क्रं. 2152/ एस.बी.एम.2.0/2025-26 राजनांदगांव दिनांक 05/12/2025

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न कार्य हेतु आन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| स. क्र. | सिस्टम टेण्डर नं | कार्य का नाम | लागत राशि लाख रूपये में | निविदा आन लाईन भरने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 181180 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Rajnandgaon, Chhattisgarh | 909.98 | 29.12.2025 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn.com & https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेन्ट हेतु पृथक से विज्ञापन जारी नही किया जावेगा। वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा।

आयुक्त,
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव



**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A successor company of CSEB) (CIN-U40108CT2003SGC015820)
**OFFICE OF CHIEF ENGINEER (CIVIL)** Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574581 e-mail:ceciviltrans.raipur@cspc.co.in Fax No. : 0771-2574146

No.-04-01/Trans./Works/4290 Raipur, dtd. 03.12.2025

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-

**1.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/89, Rfx No.-8100047399,** Repair and Maintenance work of 03 bay shed at 132/33 KV S/s Simga.; **NIT Value:-** Rs. 8.06 Lakhs **EMD:-** Rs 8,100/-, **Completion Period:-** 03 Months.**2.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/90, Rfx No.- 8100047404,** Renovation of Damaged floor of control room building at 132/33 KV S/s Gharghoda.; **NIT Value:-** Rs. 8.73 Lakhs **EMD:-** Rs 8,800/-, **Completion Period:-** 03 Months.**3.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/91, Rfx No.-8100047572,** Construction of 03 bay shed for Civil Dn. Store cum sub division office and TLM office for storing equipment's machinery and staying of staff at 220/132/33 KV S/s Colony premises CSPTCL Raigarh.; **NIT Value:-** Rs. 24.10 Lakhs **EMD:-** Rs 24,100/-, **Completion Period:-** 04 Months.**4.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/92, Rfx No.- 8100047494,** Providing services of 03 No. Computer Operator (High Skilled Labour), 03 No. Civil Attendant Gr-II (Semi Skilled Labour) and 01 No. Peon (Unskilled Labour) through outsourcing for one year for the O/o Executive Engineer (Civil) Dn. CSPTCL, Raipur.; **NIT Value:-** Rs. 15.32 Lakhs **EMD:-** Rs 15,400/-, **Completion Period:-** 12 Months.**5.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/93, Rfx No.- 8100047476,** Construction of 04 bay shed at 132 KV S/s kawardha.; **NIT Value:-** Rs. 15.95 Lakhs **EMD:-** Rs 16,000/-, **Completion Period:-** 04 Months.**6.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/94, Rfx No.- 8100047477,** Construction of 04 bay shed at 220/132 KV S/s Gendpur.; **NIT Value:-** Rs. 15.95 Lakhs **EMD:-** Rs 16,000/-, **Completion Period:-** 04 Months.**7.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/95, Rfx No.-8100047616,** Construction of 03 bay shed for storage of equipment's and machineries at 132/33 KV S/s Baramkela CSPTCL, Raigarh.; **NIT Value:-** Rs. 12.05 Lakhs **EMD:-** Rs 12,100/-, **Completion Period:-** 04 Months.**8.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/97, Rfx No.-8100047091,** Extension of road & PCC work at Area Store, Bhilai-03.; **NIT Value:-** Rs. 46.93 Lakhs **EMD:-** Rs 47,000/-, **Completion Period:-** 04 Months.

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07 is Rs.2000/- (i/c GST); Sl. No.- 08 is Rs.5000/- (i/c GST).** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt. 29.12.2025 for Sl. No.- 01, 02; dt. 30.12.2025 for Sl. No.- 03, 04; dt. 31.12.2025 for Sl. No.- 05, 06; dt. 01.01.2026 for Sl. No.- 07; dt. 02.01.2026 for Sl. No.- 08.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724 /irj /portal.

**(Sanjay Tiwari)**
**Chief Engineer (Civil) CSPTCL, Raipur**

SAVE ELECTRICITY

**बिलासपुर**

**शनिवार 6 दिसंबर 2025**

पौष कृष्ण पक्ष द्वितीया
वर्ष : 25, अंक : 253
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 5.00***

**मौसम**
अधि. 26.1
न्यूून. 14.2

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7

एशेज : 334 रन पर समाप्त हुई इंग्लैंड की पहली पारी, रूट 138 रन ...





विचार पेज

2 आर्थिक सहयोग की मजबूत रणनीति


# 22 निकायों ने 84 हाईटेंशन लाइनों से अनुबंध से अधिक बिजली खींच ली, 20 करोड़ से अधिक की फिजूलखर्ची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**


छत्तीसगढ़ के 22 नगरीय निकायों के एनर्जी ऑडिट में एक बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। इन निकायों में 58 हाईटेंशन लाइनों से अनुबंध से अधिक बिजली खींची गई। इसकी वजह से इन निकायों में 20 करोड़ से अधिक की फिजूलखर्ची हो गई। इस मामले को लेकर राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा ने संबंधित निकायों को अवगत कराया है। साथ ही यह भी कहा है कि निकायों के सभी हाईटेंशन कनेक्शन में लागू करने के लिए विद्युत भार में परिवर्तन करना आवश्यक होगा। इसके लिए सीएसपीडीसीएल से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही करने से वित्तीय बचत होगी।

यह गड़बड़ी राज्य के कई नगर निगमों में पाई गई है। इनमें नगर निगम रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, भिलाई, रायगढ़, राजनांदगांव, अंबिकापुर, बिरगांव, चिरमिरी, धमतरी एवं जगदलपुर शामिल हैं। नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में कांकेर, महासमुंद, अमलेश्वर, बलौदा बाजार, दल्लीराजहरा, गोबरा नवापारा, डोंगरगढ़, मनेन्द्रगढ़, पाटन एवं उतई शामिल हैं।

## निकायों के एनर्जी ऑडिट से हुआ खुलासा, अब विद्युत भार में बदलाव करने देंगे आवेदन

### 58 हाईटेंशन कनेक्शन में गड़बड़ी

निकायों के लिए ऑडिट संस्था द्वारा प्रस्तुत डेस्क ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार 58 हाईटेंशन कनेक्शन की विसंगतियों के कारण छ.ग. विद्युत विनियामक आयोग द्वारा इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड 2011 के टैरिफ अनुसार निकायों में विगत 25 माह (माह मार्च 2023 से मई 2025) में लगभग 20.30 करोड़ राशि का अतिरिक्त अपव्यय आंकलित किया गया है। ऑडिट संस्था द्वारा डेस्क ऑडिट रिपोर्ट में प्रत्येक कनेक्शन हेतु सुझाव प्रदान किए गए है, उक्त सुझावों को निकायों के सभी हाई टेंशन कनेक्शन में लागू करने ▶▶| शेष पेज 6 पर



### ये है मामला

प्रदेश के नगरीय निकायों में प्रचलित एनर्जी बिल ऑडिट रिफार्म कार्य अंतर्गत माध्यम से एनर्जी बिल ऑडिट निकायों के 84 हाई टेंशन कनेक्शन का डेस्क ऑडिट कार्य किया गया है, जिसमें आवश्यक विद्युत भार से अतिरिक्त अनुबंध भार, कम-उपयोग भार, अनुपयोग भार से संबंधित विभिन्न प्रकार की विसंगतियां पाई गई हैं। खास बात ये है कि छ.ग. विद्युत विनियामक आयोग द्वारा जारी इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड 2011 के टैरिफ आदेश के अनुसार, यदि किसी माह में अधिकतम मांग, अनुबंधित मांग से अधिक हो जाती है, तो टैरिफ की ▶▶| शेष पेज 6 पर

# एक ही दिन में इंडिगो की 1000 से ज्यादा उड़ानें रद्द, हाई-लेवल जांच के आदेश

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के राष्ट्रीय राजधानी से प्रस्थान करने वाली सभी उड़ानों सहित करीब 1000 उड़ानें रद्द करने से देश भर में हजारों यात्री कई घंटों तक फंसे रहे और हवाई यात्रा शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी पटरी से उतरी नजर आई। सरकार ने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। इधर, इंडिगो के बढ़ते परिचालन संकट के बीच डीजीसीए ने क्रू के वीकली रेस्ट से जुड़े सख्त नियम को तुरंत प्रभाव से वापस ले लिया है। अब फ्लाइट क्रू को 48 नहीं, 36 घंटे ही रेस्ट मिलेगा।

## चार दिन में 1700 से अधिक उड़ानें रद्द, हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी

### सरकार ने वापस लिया नियम इंडिगो के सीओ ने मांगी माफी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

इंडिगो के पायलटों के उड़ान-समय के लिए नए नियमों की योजना बनाने में विफल रहने के कारण यह संकट उत्पन्न हुआ। लोगों का गुस्सा बढ़ने और विपक्षी दलों के सरकार को घेरने के बाद नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने हस्तक्षेप करते हुए इंडिगो के पायलटों के लिए रात्रि ड्यूटी के कड़े नियमों से अस्थायी छूट दे दी। इंडिगो का संकट उन नए नियमों से खड़ा हुआ जिनके तहत पायलटों के साप्ताहिक आराम की जरूरत के समय को 12 घंटे से बढ़ाकर 48 घंटे कर दिया गया। ▶▶| शेष पेज 6 पर

### डीजीसीए ने दी इजाजत

विमानन क्षेत्र के नियामक नागर विमानन महानिदेशालय ने शुक्रवार को उड़ान ड्यूटी मानदंडों में ढील देते हुए पायलटों को छुट्टियों की जगह साप्ताहिक विश्राम अवधि लेने की अनुमति दे दी। गंभीर परिचालन संकट से गुजर रही इंडिगो की उड़ानों के समय पर संचालन की दर बृहस्पतिवार को घटकर 8.5 प्रतिशत पर आ गई।

### चार सदस्यीय समिति 15 दिन में देगी रिपोर्ट

डीजीसीए ने इंडिगो की बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने के कारणों की व्यापक समीक्षा और आकलन के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की है। समिति के सदस्यों में संयुक्त महानिदेशक संजय के ब्रम्हाने, उप महानिदेशक अमित गुप्ता, वरिष्ठ उड़ान संचालन निरीक्षक कैप्टन कपिल मांगलिक और उड़ान संचालन निरीक्षक कैप्टन रामपाल शामिल हैं।

### मंत्री बोले- तीन दिन में सेवाएं बहाल होने की उम्मीद

हवाई अड्डों पर तीन दिन से मची अफरा-तफरी के मद्देनजर नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बयान में कहा, हमें उम्मीद है कि अगले तीन दिन में सेवाएं पूरी तरह बहाल हो जाएंगी। विभिन्न परिचालनात्मक कदमों की शुरुआत के साथ कल (शनिवार) तक सेवाएं सामान्य हो जाने की उम्मीद है।

### राहुल ने कहा-एकाधिकार मॉडल का परिणाम

मामला राजनीतिक गलियारों तक पहुंचा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इंडिगो में परिचालन संबंधी व्यवधान को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा, इंडिगो का संकट इस सरकार के 'एकाधिकार मॉडल' का परिणाम है। उड़ानों में देरी व उनके रद्द होने से एक बार फिर इसकी कीमत आम भारतीयों को चुकानी पड़ रही है।

# छत्तीसगढ़ क्रांति सेना का फरार अध्यक्ष 26 दिन बाद गिरफ्तार

## सिंधी, अग्रवाल समाज के आराध्य को लेकर अपमानजनक टिप्पणी करने पर गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अग्रवाल तथा सिंधी समाज के आराध्य को लेकर अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में देवेंद्र नगर थाने की पुलिस ने छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अमित को तब गिरफ्तार किया, जब वो थाने में सरेंडर करने जा रहा था। थाना के 20 मीटर पहले पुलिस ने बेरिकैडिंग कर अमित को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस तथा अमित के समर्थकों में झड़प हुई।

अमित बघेल को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। पुलिस के अवेदन पर कोर्ट ने अमित बघेल की तीन दिन की पुलिस रिमांड स्वीकृत की है। ▶▶| शेष पेज 6 पर



### समर्थकों ने किया रोड जाम

अमित बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में समर्थकों ने आमापारा, जीई, रोड को जाम कर दिया। दो घंटे से ज्यादा समय तक आमापारा से जीई रोड जाम रहा। जाम में मरीज ले जा रही एक एंबुलेंस फंस गयी। ▶▶| शेष पेज 6 पर

### बघेल के खिलाफ 12 राज्यों में अपराध दर्ज

अग्रवाल तथा सिंधी समाज से जुड़े लोगों ने अमित बघेल के खिलाफ 12 राज्यों में अपराध दर्ज कराया है। अग्रिम जमानत के लिए अमित बघेल सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, लेकिन उसे वहां भी किसी तरह से राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने साफ तौर पर कहा है कि जिन राज्यों में अमित के खिलाफ अपराध दर्ज हैं, वहां उसे कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पड़ेगा। ▶▶| शेष पेज 6 पर




## चिंतन

# पुतिन का दौरा नई विश्व व्यवस्था का 'शंखनाद'

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा कई मायनों में काफी अहम है। यह अमेरिका समेत पश्चिमी देशों को कड़ा संदेश देने वाला भी माना जा रहा है। रूस ने जहां यूएनएससी में भारत की दावेदारी का समर्थन किया है, वहीं आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की प्रतिबद्धता भी दोहराई। दौरा भविष्य का वह रोडमैप है, जो भारत को एक मिलिट्री और इकोनॉमिक सुपरपावर बनाने के लिए तैयार किया गया , चाहे वह डिफेंस हो, स्पेस हो, परमाणु ऊर्जा हो या फिर ट्रेड। हर मोर्चे पर रूस ने भारत का हाथ मजबूती के साथ थाम लिया है। मोदी-पुतिन का 'रुबल-रुपया' पैक्ट बता रहा है कि दोनों महाशक्तियों ने डॉलर की बादशाहत को कुचलने का प्लान तैयार कर लिया है। इसके साथ ही दुनिया की दो सबसे पुरानी और भरोसेमंद ताकतों ने पश्चिमी देशों को आईना दिखाते हुए एक नई विश्व व्यवस्था का 'शंखनाद' कर दिया है। अमेरिका और यूरोप की तमाम धमकियों, प्रतिबंधों और कुटिल चालों के बावजूद पुतिन ने भारत की धरती पर कदम रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रोटोकॉल तोड़कर उनकी भव्य अगवानी की। यह दिखाता है कि रूसी राष्ट्रपति का यह दौरा सिर्फ एक कूटनीतिक नहीं, बल्कि पश्चिम देशों के लिए बड़ा संदेश है। पुतिन और पीएम नरेंद्र मोदी ने 24 घंटे में 3 बार मुलाकात की है। दोनों नेताओं ने साथ में प्राइवेट डिनर, द्विपक्षीय बातचीत, जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस और इंडिया-रूस बिजनेस फोरम की बैठक को भी संबोधित किया। रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' के तहत सह-उत्पादन और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर सहमति बनी। मोदी ने रूस को सबसे करीबी सहयोगियों में से एक बताते हुए कहा कि भारत और रूस के बीच दोस्ती ध्रुव तारे की तरह स्थिर और अटल है। वहीं, पुतिन ने कहा कि उनकी टीम सिर्फ तेल और गैस पर बात करने या सौदे करने के लिए भारत नहीं आई है, वे भारत के साथ हर क्षेत्र में रिश्ते और व्यापार बढ़ाना चाहते हैं। दोनों देशों के बीच हेल्थ, सिविल न्यूक्लियर ऊर्जा, शिप बिल्डिंग, भारतीय नाविकों को बर्फीले (पोलर) समुद्री इलाकों में जहाज चलाने की ट्रेनिंग, नई शिपिंग लेन पर निवेश और महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) समेत करीब 19 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं। दोनों नेताओं ने साफ कर दिया कि दो बड़ी शक्तियों के रूप में, उनकी यह साझेदारी वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए एक 'एंकर' (लंगर) की तरह है। यह अमेरिका की उस दादागिरी को सीधी चुनौती है, जो दुनिया को अपने हिसाब से चलाना चाहता है। रक्षा क्षेत्र हमेशा से भारत-रूस संबंधों की रीढ़ रहा है, लेकिन इस बार कहानी बदल गई है। अब भारत सिर्फ खरीदार नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को रूस ने अपना पूरा समर्थन दे दिया है। संयुक्त बयान के पैराग्राफ 28 से 31 में साफ लिखा है कि अब रिश्ता 'खरीद-फरोख्त' से आगे बढ़कर 'को-डेवलपमेंट और को-प्रोडक्शन' (सह-विकास और सह-उत्पादन) पर आ गया है। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर जो फैसला लिया है, वह डॉलर की बादशाहत को सीधा चुनौती है। दोनों नेताओं ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि यह व्यापार डॉलर में नहीं, बल्कि 'नेशनल करंसी' (रुपये और रुबल) में होगा। अब भारत का यूपीआई और रूस का एमआईआर या अन्य सिस्टम एक साथ काम करेंगे। माना जा रहा है कि इससे पश्चिमी देशों के प्रतिबंध धरे के धरे रह जाएंगे और बिना किसी रुकावट के व्यापार होगा।

## सारा संसार



स्विट्ज़रलैंड के आकर्षक स्थानों में से एक लुसाने शहर है जोकि अंगूरों के बागों के लिए जाना जाता है। लुसाने खेलों के लिए भी फेमस है, यहाँ पर हर साल हॉकी और फुटबाल जैसे कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इसके साथ ही संस्कृति और कला में रूचि रखने वालों के लिए लुसाने में कई संग्रहालय और प्राचीन स्मारक भी है। पर्यटकों के लिए यह खूबसूरत शहर बहुत ही आनंद देने वाला है।

# आर्थिक सहयोग की मजबूत रणनीति



भारत-रूस संबंध
कांतिलाल मांडोत

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की व्यक्तिगत समझ व राजनीतिक तालमेल ने दोनों देशों की साझेदारी को इतना मजबूत आधार दिया है कि यह रिश्ते ध्रुव तारे की तरह अटल और स्थायी प्रतीत होते हैं। वैश्विक राजनीति में लगातार बदलते समीकरणों, भू-राजनीतिक तनावों और आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत और रूस ने ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है जिसमें मित्रता, रणनीति और परस्पर विश्वास हर कसौटी पर खरे उतरते हैं। यह पुतिन की भारत यात्रा का दसवां अवसर था, जो दोनों देशों के नेतृत्व के बीच निरंतर संवाद और आपसी प्राथमिकताओं की स्पष्टता को दर्शाता है। इस शिखर बैठक में 2030 तक आर्थिक सहयोग की साझा रणनीति तैयार की गई है।**

भारत और रूस के द्विपक्षीय संबंध अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में एक ऐसी स्थिरता के स्तंभ के रूप में उभरे हैं, जिन पर समय की मार का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। पिछले 25 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की व्यक्तिगत समझ और राजनीतिक तालमेल ने दोनों देशों की साझेदारी को इतना मजबूत आधार दिया है कि यह रिश्ते ध्रुव तारे की तरह अटल और स्थायी प्रतीत होते हैं। वैश्विक राजनीति में लगातार बदलते समीकरणों, भू-राजनीतिक तनावों और आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत और रूस ने ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है जिसमें मित्रता, रणनीति और परस्पर विश्वास हर कसौटी पर खरे उतरते हैं। हाल ही में हुई 23वीं भारत रूस वार्षिक शिखर बैठक ने इस विश्वास को और गहराई प्रदान की है। यह पुतिन की भारत यात्रा का दसवां अवसर था, जो दोनों देशों के नेतृत्व के बीच निरंतर संवाद और आपसी प्राथमिकताओं की स्पष्टता को दर्शाता है। इस शिखर बैठक में 2030 तक आर्थिक सहयोग की साझा रणनीति तैयार की गई है, जो आने वाले वर्षों में ऊर्जा, रक्षा, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और तकनीकी क्षेत्रों में अभूतपूर्व अवसरों को जन्म देगी।

भारत और रूस का यह संकल्प केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच स्थिर और विश्वसनीय साझेदारी का उदाहरण है। दुनिया तेजी से बदल रही है, सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ रहा है, और आर्थिक निर्भरता को कम करने की आवश्यकता वैश्विक प्राथमिकता बन गई है। ऐसे दौर में यह द्विपक्षीय रणनीति न केवल दोनों देशों के लिए लाभकारी है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी सकारात्मक संकेत देती है। रूस ने भारतीय नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाया है, जिससे जनसंपर्क और सांस्कृतिक रिश्ते और मजबूत होंगे। आतंकवाद के खिलाफ भी दोनों देशों ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वे मिलकर कार्य करेंगे और वैश्विक स्तर पर सुरक्षा की मजबूत दीवार बनेंगे। यह सहयोग सुरक्षा और विश्वास पर आधारित नए वैश्विक संतुलन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शिखर बैठक में कई अहम समझौते हुए हैं जिनमें स्वास्थ्य सेवाएं, मेडिकल एजुकेशन, फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड, माइग्रेशन, पोलर शिपिंग और समुद्री सहयोग जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा उर्वरक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण समझौता हुआ है, जिस पर दुनिया की नजर है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए उर्वरक आपूर्ति की स्थिरता बेहद अहम है, और रूस के साथ यह समझौता किसानों के लिए दीर्घकालिक राहत साबित हो सकता है। भारत और यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर भी चर्चा आगे बढ़ रही है। अगर यह समझौता साकार होता है, तो दोनों देशों के लिए व्यापार विस्तार, बाजार पहुंच और औद्योगिक सहयोग के नए दरवाजे खुलेंगे। इस संभावना ने वैश्विक शक्तियों विशेष रूप से अमेरिका की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि यह एशिया और यूरेशिया में आर्थिक ध्रुवीकरण को नई दिशा दे सकता है। रूस और भारत मिलकर नए अंतरराष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट रूट विकसित कर रहे हैं जो यूरोप से एशिया तक व्यापार के स्वरूप को बदल देंगे। उत्तरी समुद्री मार्ग पर सहयोग और पोलर शिपिंग समझौता भविष्य के



लाजिस्टिक नेटवर्क का आधार बनने जा रहा है। भारत की वैश्विक व्यापार क्षमता इस सहयोग से कई गुना बढ़ जाएगी। ऊर्जा क्षेत्र में भी भारत और रूस की साझेदारी उल्लेखनीय है। दक्षिण भारत में रूस की सहायता से बन रहा न्यूक्लियर पावर प्लांट एशिया के सबसे बड़े परियोजनाओं में से एक है।

यह 6000 मेगावाट की बिजली उत्पादन क्षमता वाला संयंत्र न केवल दक्षिण भारतीय राज्यों में ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में यह भारत की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल होगा। व्यापार की बात करें तो भारत और रूस का व्यापारिक संतुलन पिछले वर्ष 12 प्रतिशत तक बढ़ा है। यह वृद्धि तेल आयात की वजह से और भी तेज हुई है, जो दोनों देशों के कुल व्यापार का लगभग 76 प्रतिशत हिस्सा है। भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में रूस की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। ऊर्जा सुरक्षा हर अर्थव्यवस्था की नींव होती है और रूस इस क्षेत्र में भारत का स्थायी और विश्वसनीय साझेदार बन चुका है। रूस ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह भारतीय सेना को आवश्यक हथियार और रक्षा उपकरण देना जारी रखेगा, जैसा कि वह पिछले 50 वर्षों से करता आ रहा है। यह सहयोग न केवल रक्षा क्षमताओं को मजबूत करता है, बल्कि सामरिक आत्मनिर्भरता और सुरक्षा नीति में स्थिरता भी प्रदान करता है। भारत और रूस की रक्षा साझेदारी दुनिया में अपनी अलग पहचान रखती है, जिसमें विश्वास, तकनीक और दीर्घकालिक रणनीति का संतुलन देखने को मिलता है।

व्यापक दृष्टि से देखें तो भारत रूस संबंध केवल रणनीतिक या आर्थिक प्रश्न नहीं, बल्कि जनता से जनता के संबंधों की सशक्त कड़ी भी हैं। दोनों देशों की सांस्कृतिक निकटता, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में आदान प्रदान, पर्यटन और सामाजिक स्तर पर सहयोग एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत दे रहे हैं। यह संबंध दो महाशक्तियों के बीच आपसी सम्मान, समानता और निर्णय की स्वतंत्रता पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी बैठक में स्पष्ट कहा कि राष्ट्रपति पुतिन की वजह से भारत रूस की दोस्ती और मजबूत हुई है। यह बयान दो नेताओं की व्यक्तिगत समझ का प्रतिबिंब है और यह भी दर्शाता है कि यह साझेदारी केवल सरकारों या नीतियों तक सीमित नहीं, बल्कि विश्वास की गहरी नींव पर टिकी है। आधुनिक अंतरराष्ट्रीय राजनीति में नेता से नेता का संवाद जितना मजबूत होता है, उतना ही स्थायी सहयोग पैदा होता है। भारत रूस संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प अवसरों का विस्तार करने के साथ साथ चुनौतियों का समाधान भी है। दोनों देश जानते हैं कि आने वाले समय में ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा क्षमता, वैश्विक स्थिरता और आर्थिक विस्तार जैसे प्रश्नों पर उनका सहयोग दुनिया के लिए भी मार्गदर्शक सिद्ध हो सकता है। आज जब भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहे हैं और आर्थिक प्रतिद्वंद्विता नई आकृतियां ले रही है, भारत और रूस का यह स्थिर और प्रगतिशील रिश्ता वैश्विक शांति और विकास का सशक्त आधार बन सकता है। दोनों देशों ने यह सिद्ध किया है कि वास्तविक साझेदारी दबावों में नहीं टूटती, बल्कि कठिनाइयों में और मजबूत होती है। 2030 तक का साझा रोडमैप न केवल भारत और रूस की आर्थिक ताकत को कई गुना बढ़ाएगा, बल्कि एशिया और यूरेशिया क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। यह रणनीति भविष्य की ऐसी मजबूत नींव है जिस पर आने वाली पीढ़ियां भी गर्व कर सकेंगी। भारत और रूस का यह अटूट रिश्ता आने वाले समय में वैश्विक संतुलन का नया सूत्र साबित हो सकता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित
दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

## जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे?



संकलित
प्रेरणा

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियाँथीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहाः लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछाः क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोलाः पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इन्द्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इन्द्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी। यह बात हमें भी अपने जीवन में उतार लेनी चाहिए।

## आत्मबोध



डॉ. कविता सिंधू खरीटा

# स्व-चेतना में मन का अपनी ही गहराइयों से परिचय

खुद को समझने की यात्रा एक अचानक आई रोशनी से नहीं,बल्कि एक बहुत छोटे-से संशय, एक हल्की-सी खटपट या भीतर उठे किसी मौन प्रश्न से शुरू होती है। यात्रा की शुरुआत तभी होती है जब मन पहली बार यह स्वीकार करता है कि उसे सब कुछ पता नहीं, और शायद जो वह समझ रहा है, वह पूर्ण सत्य नहीं। यही वह प्रथम क्षण होता है जब भीतर की ज़मीन थोड़ा-सा हिलती है, और हम अपनी ही समझ, अपनी धारणाओं और अपने निष्कर्षों को पहली बार एक दूरी से देखने लगते हैं। जब मन अपने ही तर्कों पर प्रश्नचिह्न लगाने लगता है, तभी भीतर कहीं एक दीपक पहली बार टिमटिमाता है। यह प्रकाश बहुत तेज़ नहीं होता, पर इतना अवश्य होता है कि भीतर के अंधेरे को चुनौती दे सके। दूसरे चरण में हमें इन सवालों के उत्तर खोजने के लिए अपने ही भीतर उतरना पड़ता है,वहां जहां अक्सर हम जाना नहीं चाहते। यह यात्रा कभी बाहर की दुनिया में चलती है,तो कभी भीतर की गलियों में। कभी मन की पुरानी परतें खुलती हैं,तो कभी दूसरों की संवेदनाएं हमें नया आईना दिखाती हैं। धीरे-धीरे हम उस अवस्था में पहुंचते हैं! जहां आंखों से कम और हृदय से अधिक देखा जाता है। फिर आता है वह कठिन चरण,जहां समझ सिर्फ़ एक विचार नहीं रहती, वह जीवन बन जाती है। सीख को व्यवहार में उतारना, उसे आदतों, स्वभाव और निर्णयों में पिरोना, यही परिवर्तन का वास्तविक प्रारंभ है। इन्हीं चरणों से गुजरते-गुजरते एक दिन यह एहसास गहराई से बैठ जाता है कि हमारी रायें, विचार और मान्यताएं कुछ भी स्थिर नहीं हैं। सब कुछ बदलता रहता है इसीलिए न किसी निष्कर्ष पर अहंकार उचित है, न किसी मत पर अंतिम मुहर। जीवन निरंतर बहती हुई नदी है,और हमें भी उसके हर मोड़ के साथ स्वयं को नए रूप में गढ़ते रहना पड़ता है। जब यह साधना बार-बार दोहराई जाती है, तब कहीं जाकर हम सही और गलत के उस बेहद सूक्ष्म अंतर को पहचान पाते हैं, वह अंतर जो किसी पहाड़ जितना विशाल नहीं,बल्कि किसी नाजुक रेखा-सा महीन होता है। इसीलिए जीवन का हर पल, हर कदम ,थोड़ी-सी और जागरूकता,थोड़ा-सा और धैर्य, थोड़ी-सी और विनम्रता मांगता है। यही निरंतर सजगता मनुष्य को भीतर से परिपक्व बनाती है। आत्मबोध कोई लक्ष्य नहीं, बल्कि एक सतत बहती हुई साधना है। जो हर दिन, हर अनुभव और हर चुनौती के साथ हमें फिर से गढ़ती, संवारती और नया बनाती रहती है।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हॉर्नबिल उत्सव



5 दिसंबर, 2025 को पोस्ट की गई इस तस्वीर में, उत्तर पूर्वी क्षेत्र के विकास के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया नागालैंड में हॉर्नबिल उत्सव में हिस्सा ले रहे हैं।

## आज की पाती

### शादियों में धन और अन्न बर्बाद न करें

त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। कुछ समय पहले शादियों में फिजूलखर्ची को रोकने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुकी कृष्णा तीरथ ने सुझाव दिया था कि उनके अनुसार चाय और नमकीन में भी फेरे लेकर विवाह की रस्म निभाई जा सकती है। इसके लिए लाखों रुपए फूंकने की क्या जरूरत है। जो कि बहुत ही सराहनीय है। अमीर लोगों को तो लाखों रुपए खर्च करने से तो कोई फर्क नहीं पड़ता है। –चेतन वर्मा, दुर्ग

## करंट अफेयर

# हेगसेथ ने योजना साझा कर सैनिकों को खतरे में डाला



अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यमन में हूती विद्रोहियों पर होने वाले सैन्य हमले से संबंधित संवेदनशील योजनाएं अपने निजी फोन से साझा करके अमेरिकी सैनिकों को जोखिम में डाल दिया। पेंटागन के महानिरीक्षक की एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में रक्षा मंत्रालय में अनुमोदित नहीं किए गए मैसेजिंग ऐप और उपकरणों के उपयोग की भी आलोचना की गई है। निरीक्षक ने पाया कि हेगसेथ के पास 'सिग्नल चैट' नामक मैसेजिंग ऐप में साझा की गई जानकारी को 'डी-क्लासिफाई' यानी गोपनीय श्रेणी से हटाने का अधिकार था। रिपोर्ट में कहा गया है कि हूती विद्रोहियों पर होने वाले हमले का संवेदनशील विवरण जारी करना, पेंटागन के आंतरिक नियमों का उल्लंघन है। इससे अभियान में शामिल सदस्यों या उनके मिशन को खतरा हो सकता था। रिपोर्ट के अनुसार, हेगसेथ द्वारा साझा की गई जानकारी में अमेरिकी विमानों के उड़ान समय और संख्या जैसे विवरण थे, जिसने परिचालनीय सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा किया। रिपोर्ट के अनुसार इसके परिणामस्वरूप अमेरिकी अभियान विफल हो सकता था और अमेरिकी पायलटों को संभावित नुकसान पहुंचने की आशंका थी।

## ऑफ बीट

# संदर्भ स्पष्ट नहीं तो शब्दों का जबरदस्ती अनुवाद क्यों



अगर आप अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में पारंगत हैं तो आपने गौर किया होगा कि कुछ शब्दों का सटीक अनुवाद करना नामुमकिन होता है। किसी वस्तु के 'शिबुई' (एक प्रकार की सरल लेकिन कालातीत रूप से सुंदर) पर अचंभित होने वाले जापान के एक डिजाइनर अंग्रेजी में इसके लिए सटीक समानार्थी शब्द के अभाव से असमंजस में पड़ सकते हैं। पुर्तगाली भाषी लोग 'सौदादे' को व्यक्त करने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं, जो लालसा और उदासी का मिश्रण है। वहीं वेल्स के लोगों को 'हिराएथ' का अनुवाद करने में और भी ज्यादा मुश्किल होगी। भाषाई कैद विभिन्न भाषाओं के शब्द उनके बोलने वालों के विचारों और अनुभवों को अलग-अलग ढंग से विभाजित व संकुलित कर सकते हैं तथा 'भाषाई सापेक्षता' के सिद्धांत को मजबूती प्रदान करते हैं। 'सपिर-वॉर्फ' परिकल्पना के रूप में जाना जाने वाला यह सिद्धांत आंशिक रूप से अमेरिकी भाषाविद् एडवर्ड सपिर के 1929 के दावे से सामने आया है। सपिर ने दावा किया था कि भाषाएं लोगों को सांस्कृतिक रूप से जोड़ने का काम करती हैं। अगर दानिश भाषी लोगों को 'हाइगे' का अनुभव होता है तो उनके पास इसके बारे में बात करने के लिए एक शब्द होना चाहिए लेकिन अगर अंग्रेजी भाषा में ऐसा नहीं होता है तो हमारे पास भी इसका अनुवाद नहीं होगा।

## ट्रेंड

### जैव विविधता की रक्षा



स्वस्थ मिट्टी जीवन का आधार है। आइए धरती की जैव विविधता की रक्षा करें, इसकी मजबूती बहाल करें और यह सुनिश्चित करें कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवित रहे। हर पारिस्थितिकी तंत्र मिट्टी से ही शुरू होता है। आइए इस ग्रह के लिए खड़े हों।
-नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

### सरकार का एकाधिकार



इंडिगो की विफलता इस सरकार के एकाधिकार मॉडल की कीमत है। एक बार फिर, इसकी कीमत आम भारतीयों को चुकानी पड़ रही है - देरी, रद्दीकरण और लाचारी के रूप में। भारत हर क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का हकदार है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### भारत की बढ़ती ताकत



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यह टिप्पणी कि कोई भी शक्ति भारत पर हावी नहीं हो सकती, प्रशंसा से बढ़कर है, यह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती ताकत की मान्यता है। एक नया भारत ऊँचा खड़ा है।
- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### भाजपा के असली इरादे



एसआईआर को लेकर भाजपा के असली इरादे अब सामने आ गए हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जनता को सीधी धमकी दी है कि जिनके नाम इसमें शामिल नहीं होंगे, उनकी सरकारी सुविधाएँ समाप्त कर दी जाएंगी।
- कमलनाथ, पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## कांग्रेस ने डिप्लोमैटिक मीटिंग से बाहर रखने का आरोप

# पुतिन के लिए राष्ट्रपति के भोज में थरूर को न्योता, राहुल-खड़गे को नहीं

*नई दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए राष्ट्रपति भवन में आयोजित डिनर के लिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को न्योता नहीं दिया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, दोनों को शुक्रवार रात राष्ट्रपति भवन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए रखे गए डिनर में नहीं बुलाया गया है। दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस के सांसद शशि थरूर को बुलाया गया है। इससे पहले राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया था कि सरकार, विदेश से आने वाले शीर्ष नेताओं (दिग्गिनटरीज) से मिलने नहीं देती। उनसे कहती है कि वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष से न मिलें। इसका कारण सरकार की असुरक्षा है।*

### ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में भी शामिल थे थरूर

#### कांग्रेस ने की आलोचना

कांग्रेस सूत्रों ने कन्फर्म किया है कि प्रेसिडेंट द्रौपदी मुर्मू के होस्ट किए गए डिनर में न तो खड़गे को और न ही राहुल गांधी को इनविटेशन मिला था। इससे पार्टी के अंदर आलोचना हुई है, और एक ज़रूरी डिप्लोमैटिक मीटिंग से बाहर रखने का आरोप लगाया।

#### यह कहा थरूर ने

इधर, थरूर, जो एक्सटर्नल अफेयर्स पर पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमिटी के चेयरमैन हैं, उन्होंने इनविटेशन पर सम्मान जताया लेकिन कहा कि उन्हें उन क्राइटेरिया के बारे में नहीं पता था जिनके आधार पर इनविटेशन जारी किए गए थे। थरूर के डिप्लोमैटिक बैकग्राउंड और फॉरेन अफेयर्स में शामिल होने की वजह से शायद उन्हें शामिल किया गया।

### एक्सटर्नल अफेयर्स पर पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमिटी के चेयरमैन हैं शशि



#### पॉलिटिकल पोजिशनिंग और बयान

यह पहली बार नहीं है जब मोदी सरकार ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से अधिक शशि थरूर को तव्वजो दी है। इससे पहले ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में सदस्य भेजे जाने को लेकर भी कांग्रेस की पसंद की जगह थरूर को चुना गया था। अंदरूनी विरोधी होने के बावजूद, थरूर ने कई मौकों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का खुलकर सपोर्ट किया है। इस साल की शुरुआत में, उन्होंने मोदी की एनर्जी और ग्लोबल लेवल पर जुड़ने की इच्छा की तारीफ़ की, जो भारत के लिए जरूरी है। थरूर ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद डिप्लोमैटिक आउटरीच की भी तारीफ़ की, इसे राष्ट्रीय एकता और असरदार कम्युनिकेशन का एक उदाहरण बताया।

#### राजघाट पर पुतिन का संदेश

### 'गांधी ने जिस वर्ल्ड ऑर्डर का अंदाजा लगाया वो आज बन रहा'



भारत दौरे पर आए राष्ट्रपति पुतिन ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने गांधीजी के सिद्धांतों को याद करते हुए आगंतुक पुस्तिका में लंबा संदेश लिखा। पुतिन ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने समय में ही नए, ज्यादा न्यायपूर्ण वर्ल्ड ऑर्डर का अंदाजा लगा लिया था जो अभी बन रहा है। गांधीजी की समाधि स्थल राजघाट पर विजिटर्स बुक में राष्ट्रपति पुतिन ने लिखा, 'आज के भारतीय राज्य के संस्थापकों में से एक महान दार्शनिक और मानवतावादी महात्मा गांधी ने हमारी दुनिया के लिए लीडरशिप के मसले पर एक बहुत बड़ा योगदान दिया। पुतिन ने लिखा कि आजादी, अच्छाई और परोपकार पर उनके विचार आज भी काम के हैं।

---

**संसद में वित्त मंत्री ने दी जानकारी : लोकसभा में पास हो गया हेल्थ सिक्योरिटी से जुड़ा बिल**

# सिगरेट-पान मसाले होंगे महंगे, लगेगा एक्स्ट्रा टैक्स, नेशनल सिक्योरिटी पर होगा उपयोग

### *स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाली हानिकारक वस्तुएं पर सेस*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में अहम जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि सरकार सिगरेट-पान मसाला जैसे प्रोडक्ट पर अब एक्स्ट्रा टैक्स लगाएगी। वहीं इससे होने वाली कमाई का एक्स्ट्रा टैक्स नेशनल सिक्योरिटी के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दी। शुक्रवार को लोकसभा में हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल पास हो गया। इस बिल के पास होने के बाद पान मसाला जैसे उत्पादों पर सीधा असर पड़ेगा। जिससे यह चीजें महंगी हो जाएंगी।

#### कारगिल जंग में कमी जैसे नहीं होने देंगे हालात



वित्तमंत्री ने सीतारमण ने कहा, कारगिल लड़ाई तैयारी की कमी की वजह से हुई। आर्मी जनरलों ने बताया था कि 1990 के दशक की शुरुआत से बजट की कमी की वजह से आर्मी के पास सिर्फ 70-80% ऑथराइज़्ड हथियार, गोला-बारूद और इक्विपमेंट थे। हम नहीं चाहते कि भारत में वह स्टेज फिर कभी वापस आए। वित्त मंत्री ने बिल पेश करते हुए कहा कि सेस किसी भी आवश्यक वस्तु पर नहीं, बल्कि स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाली हानिकारक वस्तुओं पर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम नागरिकों पर बोझ डाले बिना राष्ट्र की सुरक्षा के लिए जरूरी चीजों के लिए फंड मिले। वित्त मंत्री ने कहा कि इस बिल से प्राप्त राजस्व को विशिष्ट स्वास्थ्य योजनाओं के लिए राज्यों के साथ साझा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 40 प्रतिशत जीएसटी के अलावा पान मसाला इकाइयों पर स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर भी लगाया जाएगा।

#### बेनीवाल बोले-सेलिब्रटी विज्ञापन कर रहे

हनुमान बेनीवाल सहित अन्य विपक्षी सांसदों ने इसका विरोध किया और इसे वापस लेने की मांग की। बेनीवाल ने सरकार से पूछा कि आप पान मसाला महंगा करने जा रहे हैं, गुटखा और पान मसाले का सेलेब्रिटी विज्ञापन कर रहे हैं। इसके खिलाफ सरकार क्या कर रही है। कांग्रेस के सांसद शशिकांत सेंथिल ने कहा कि इसे समझना मुश्किल है। ऐसे क्लॉज पीएमएलए में देखने को मिले थे।

### 'आरएसएस जज' कहने पर लोकसभा में हंगामा




लोकसभा में शुक्रवार को कई बार हंगामा हुआ। सत्र की शुरुआत में ही इंडिगो संकट मामले पर प्रश्नकाल की शुरुआत हंगामे से हुई। फिर दोपहर में शून्यकाल के दौरान टीएमसी सांसद शताब्दी राय और महुआ मोइत्रा ने हंगामा किया और फिर इसके बाद बड़ी बहस हुई डीएमके सांसद टीआर बालू और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के बीच। असल में डीएमके सांसद ने हाईकोर्ट जज को 'आरएसएस जज कह दिया। इस पर लोकसभा में हंगामा हो गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस पर आपत्ति उठाई। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान न्यायपालिका पर कलंक लगाने जैसे हैं। TR बालू ने प्रश्नकाल में मद्रास हाईकोर्ट के जज पर टिप्पणी की थी। दरअसल, मद्रास हाईकोर्ट जज ने मदुरै में अरुलमिगु सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर में श्रद्धालुओं को पारंपरिक दीप जलाने की अनुमति दी थी। इस पर तमिलनाडु सरकार ने आपत्ति भी जताई थी। लोकसभा में पीठासीन कृष्णा प्रसाद टेनेटी ने कहा- बालू के बयान को रिकॉर्ड से हटाया जाएगा।

#### न्यायपालिका को बदनाम करने की आपकी हिम्मत कैसे हुई?

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- न्यायपालिका को बदनाम करने की आपकी हिम्मत कैसे हुई? संसदीय बहस में शिष्टाचार बनाए रखना चाहिए और नियमों का पालन करना चाहिए। हम इस बात के खिलाफ नहीं है कि वह क्या कहना चाहते हैं, लेकिन वह असंसदीय भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकते. रिजिजू ने आगे कहा- इससे न केवल आपके लिए, बल्कि आपकी पार्टी के लिए भी बेवजह परेशानी खड़ी होगी।

---




### अब्दुल्ला आजम को 7 साल की सजा, जुर्माना भी



**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के रामपुर में कोर्ट ने सपा नेता आजम खान के बेटे, अब्दुल्ला आजम को दो पासपोर्ट और पैन-कार्ड के मामले में दोषी करार देते हुए सात साल की सज़ा सुनाई है। साथ ही उस पर 50000 का जुर्माना भी लगाया है। दरअसल यह मामला 2019 का है, जब भाजपा के विधायक आकाश सक्सेना ने अब्दुल्ला आजम और अन्य पर धोखाधड़ी (धारा 420), फर्जी दस्तावेज (धारा 467, 468) पहचान पत्रों में फर्जीवाड़ा (धारा 471) के तहत मामला दर्ज कराया था।

### लॉरेंस के भाई अनमोल की बढ़ाई गई कस्टडी



**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष एनआईए कोर्ट ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई की कस्टडी बढ़ा ही है। अनमोल बिश्नोई की एनआईए कस्टडी को 7 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। हाई-प्रोफाइल और सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील मामला होने के कारण एनआईए जज खुद एनआईए मुख्यालय पहुंचे और वहीं पर बंद कमरे में सुनवाई की। अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से अवैध तरीके से रहने के आरोप में हाल ही में डिपोर्ट किया गया था।

### शंकराचार्य ने हुमायूं कबीर को दिया जवाब



**नई दिल्ली।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने पश्चिम बंगाल के विधायक हुमायूं कबीर के द्वारा बाबरी मस्जिद की नींव रखे जाने को लेकर बेहद कड़ी प्रतिक्रिया दी है। शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, 'बाबर ने भारत में आकर आक्रमण किया और यह हमें पीड़ा पहुंचाने वाला काम है। आज की तारीख में अगर कोई व्यक्ति उसी के साथ अपने आप को खड़ा रखता है कि हम बाबर के लोग हैं तो बाबर जैसा ही ट्रीटमेंट उनके साथ करना चाहिए।'

# अब मोबाइल फोन की लोकेशन हमेशा ऑन रखने का प्रस्ताव



### संचार साथी के बाद नया विवाद, विरोध में ऐपल-गूगल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार टेलीकॉम इंडस्ट्री के एक प्रस्ताव पर विचार कर रही है। इसके तहत स्मार्टफोन कंपनियों को बेहतर निगरानी के लिए हमेशा सैटेलाइट लोकेशन ट्रैकिंग ऑन करने के लिए बाध्य किया जा सकता है। टेलीकॉम इंडस्ट्री के इस प्रस्ताव का सैमसंग, ऐपल और गूगल ने विरोध किया है। इन कंपनियों ने प्राइवेसी चिंताओं की वजह से इस प्रस्ताव का विरोध किया है। रॉयटर्स ने ये जानकारी ईमेल, डॉक्यूमेंट्स और सूत्रों के हवाले से दी है। ये जानकारी ऐसे समय पर सामने आई है, जब सरकार को संचार साथी ऐप को लेकर भारी विरोध का सामना करना पड़ा है।

#### फीचर लाने की वजह

दरअसल, जांच एजेंसियों को कानूनी मामलों में जरूरत पड़ने पर किसी शख्स की प्रीसाइज लोकेशन नहीं मिलती है। मौजूदा सिस्टम में फर्म्स सेल्यूलर टावर का डेटा इस्तेमाल करके उस एरिया की जानकारी दे पाती हैं। जांच एजेंसियों को जरूरत के वक्त सटीक लोकेशन नहीं मिलती हैं और जो लोकेशन मिलती है, उसे दूर से ही बंद किया जा सकता है। इसके बाद सीओएआई (सेल्यूलर ऑपरेटर एसोसिएशन ऑफ इंडिया) ने एक प्रस्ताव रखा है। सीओएआई रिलायंस जियो और भारती एयरटेल को रिप्रेजेंट करता है। इस प्रस्ताव के हिसाब से अगर सरकार आदेश देती है, तो स्मार्टफोन मेकर्स को ए-जीपीएस टेक्नोलॉजी एक्टिवेट करनी होगी। ये टेक्नोलॉजी सैटेलाइट सिग्नल्स के साथ सेल्यूलर डेटा भी इस्तेमाल करती है।



खबर संक्षेप

## अमलीडीह में कबीर सत्संग का आयोजन 13 से

**रायपुर।** अमलीडीह के महात्मा गांधी नगर शिव मंदिर चौक में तीन दिवसीय संत कबीर सत्संग समारोह का आयोजन सद्गुरु कबीर सत्संग समिति एवं आमिन माता महिला मंडली अमलीडीह, न्यू पुरैना, न्यू राजेंद्र नगर, देवपुरी, लालपुर के संयुक्त तत्वावधान में 13 से 15 दिसंबर तक होगा। सत्संग समारोह के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष विधायक मोतीलाल साहू एवं विशिष्ट अतिथि महापौर मीनल चौबे, आरडीए के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा, पार्षद विनय पंकज निर्मलकर, पार्षद डॉ. अनामिका सिंह, पार्षद गायत्री नवरंगे, पार्षद सचिन मेघानी, पार्षद मनोज जांगड़े होंगे। आयोजन समिति के रामकुमार साहू एवं केदार साहू ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि प्रथम दिवस 13 दिसंबर को सुबह 11 बजे कलश एवं शोभायात्रा के साथ सत्संग समारोह की शुरुआत होगी।

## संगीतकार बप्पी लाहिरी की स्मृति में संगीत संध्या

**रायपुर।** स्वर सप्तक संस्था ने शनिवार को शाम 7 बजे से संस्कृति विभाग परिसर स्थित मुक्ताकाशी मंच पर संगीत संध्या का आयोजन किया है। इस संबंध में संस्था के संयोजक उदय दास ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि कार्यक्रम में मशहूर संगीतकार एवं गायक स्व. बप्पी लाहिरी के गीत-संगीत की महफिल सजेगी, जहां अंचल के नवोदित एवं प्रतिभाशाली कलाकार ओमप्रकाश, दिनेश वर्मा, वंदना कुलदीप, मनोज बर्मन, शिवानी बानी, डॉ. रश्मि सिंह, डॉ. जावेद अली, वंदिता साहू बिलासपुर, वैष्णवी रंगारी, राजनांदगांव, भूमि सागर, रोली साहू सुरमयी प्रस्तुति देंगे। मंच संचालन दीपक हटवार एवं संगीत संयोजन गुरजीत सिंह, राजेश नायक करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, रामदास अग्रवाल एवं प्रदीप श्रीवास्तव होंगे।


# सरकारी अस्पतालों को जल्दी मिलेंगे 214 बांडेड चिकित्सा विशेषज्ञ, जारी हुई मेरिट सूची

### चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मंगाई दावा-आपत्ति, काउंसिलिंग के जरिए होगी पोस्टिंग

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

मेडिकल कालेज से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक जल्दी ही बांडेड चिकित्सा विशेषज्ञ तैनात किए जाएंगे। सरकारी कालेजों में एमडी-एमएस की पढ़ाई करने वाले 214 विशेषज्ञ डाक्टरों की मेरिट सूची जारी की गई है। दावा आपत्ति के बाद काउंसिलिंग के जरिए दो साल की अनुबंध सेवा के तहत उनकी नियुक्ति की जाएगी। स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा पिछले साल से मेरिट सूची के आधार पर पोस्टिंग के लिए काउंसिलिंग पूरी की जाती है।

सरकारी मेडिकल कालेजों में यूजी और पीजी की पढ़ाई करने वालों को दो-दो साल की अनुबंध सेवा पूरी करनी होती है। पहले यह पोस्टिंग जरूरतों के हिसाब से क्षेत्र और स्वास्थ्य केंद्रों में की जाते थी। पिछले साल से इसके लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी की जाती है और मेरिट के आधार पर डाक्टरों की नियुक्ति मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल से लेकर स्वास्थ्य केंद्रों में की जाती है। वर्ष 2022 बैच के एमडी-एमएस यानी चिकित्सा विशेषज्ञ जल्दी ही विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में अपनी सेवाएं देंगे। इनकी बांड-पोस्टिंग के लिए शीघ्र ही काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा आयुष से मिली जानकारी के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की गई है। इस सूची पर दावा-आपत्ति 8 दिसंबर तक मांगी गई है। इसके बाद सूची का अंतिम प्रकाशन होगा और विभिन्न चरणों के आधार पर काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।



- मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ होंगे
- एफएमजी इंटर्नशिप, आवेदन आधार सूची जारी

विदेशों से एमबीबीएस की पढ़ाई कर एफएमजी टेस्ट क्लीयर करने वाले कुल 106 लोगों की मेरिट लिस्ट जारी की गई है। इनमें 89 छत्तीसगढ़ के मूल निवासी हैं और 17 लोग दूसरे राज्यों से हैं। इनसे प्राप्त आवेदनों के आधार पर शासकीय और निजी मेडिकल कालेजों में इनकी नियुक्ति की जाएगी। सालभर के इंटर्नशिप के दौरान इन्हें शिष्यवृति भी दी जाएगी। विदेशों से पढ़ाई करने वाले डाक्टरों को इंटर्नशिप के जरिए यहां का प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त होगा।

# टोकन कट रहा प्रति एकड़ 21 क्विंटल का कई समिति ले रहीं 63 किलो कम धान

### समिति प्रबंधकों ने कहा- प्रशासन के आदेश के तहत कम लिया जा रहा



हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

छत्तीसगढ़ सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने का आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत रायपुर जिले के उपार्जन केंद्रों में खरीदी भी की जा रही है, लेकिन अभनपुर ब्लॉक अंतर्गत कुछ उपार्जन केंद्रों में किसानों से 21 क्विंटल की जगह 20.37 क्विंटल धान ही खरीदा जा रहा है। इस तरह 63 किलोग्राम धान कम खरीदा जा रहा है। इस संबंध में समिति के प्रबंधक और किसानों ने हरिभूमि से बातचीत कर पुष्टि भी की है। हालांकि समिति प्रबंधक का कहना है कि प्रशासन के लिखित आदेश के तहत ही 63 किलो धान कम लिया जा रहा है। अभनपुर क्षेत्र के ग्राम बंजारी धान उपार्जन केंद्र अंतर्गत बंजारी, कुरूं, चेरिया, तेंदुआ, पहोता सहित अन्य गांव शामिल हैं। इन गांवों के किसान बंजारी उपार्जन केंद्र में ही धान बेचने पहुंच रहे हैं। इस गांव समिति के प्रबंधक दिलीप जंघेल ने बताया कि उनकी समिति ने अभी तक कुल 182 किसानों से 8242 क्विंटल धान की खरीदी की है। उन्होंने बताया कि प्रशासन का आदेश है कि प्रति एकड़ 20.80 क्विंटल धान का टोकन जारी कर रहे हैं, पर प्रति एकड़ 20.37 क्विंटल ही धान की खरीदी करें। समिति प्रबंधक ने बताया कि उनके क्षेत्र के ग्रामों को प्रशासन के लिखित आदेश में असिंचित क्षेत्र बताया गया है। इसके आधार पर ही आदेश में प्रति एकड़ 20.37 क्विंटल धान खरीदने के लिए कहा गया है।

#### ग्राम कठिया-पलौद सहित अन्य दो उपार्जन केंद्र में भी कम लिया जा रहा धान

इस क्षेत्र के एक गांव के सरपंच ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि अभनपुर क्षेत्र में बंजारी के अलावा कठिया, पलौद सहित अन्य दो उपार्जन केंद्रों में भी इसी प्रकार प्रति एकड़ 20.80 क्विंटल धान का टोकन जारी किया जा रहा है, लेकिन खरीदी 20.37 क्विंटल ही की जा रही है।

**केसः1**

ग्राम कुरूं निवासी किसान राजेश वर्मा ने बताया कि उनका तीन बार टोकन कटा है। यह टोकन प्रति एकड़ 20.80 क्विंटल के अनुसार कटा है। दो बार के टोकन में 20.80 क्विंटल के अनुसार धान खरीदा गया, लेकिन तीसरे टोकन में सीधे 4.62 क्विंटल धान कम खरीदा गया।

**केसः2**

ग्राम कुरूं निवासी किसान राधेश्याम बंजारे ने बताया कि उसका कुल 202.54 क्विंटल धान के लिए टोकन कटा था। इसके एवज में समिति ने 197.60 क्विंटल ही धान खरीदा है। इस तरह लगभग 7 क्विंटल धान खरीदा नहीं गया। उनका कहना है कि उनके क्षेत्र में बांधा से पर्याप्त पानी मिलता है, जिससे फसल अच्छी होती है। इसके बाद भी उनके गांव को असिंचित बता कर कम धान खरीदा जा रहा है।

#### मुझे इस आदेश की जानकारी नहीं

क्षेत्र के ग्रामों को असिंचित बताते हुए प्रति एकड़ 20.37 क्विंटल ही धान खरीदा जाना है। इस संबंध में जारी हुए आदेश की जानकारी नहीं है। इसका पता लगाता हूं।

**- रवि सिंह,** एसडीएम अभनपुर

# आत्महत्या करने की बार-बार धमकी देना क्रूरता- हाईकोर्ट

### तलाक के खिलाफ पेश पत्नी की अपील

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने पति-पत्नी के मध्यम विवाद के मामले में पत्नी की अपील को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा आत्महत्या करने की बार-बार धमकी देना क्रूरता है। इस मामले में पति ने काफी सबूत पेश किया कि पत्नी बार-बार आत्महत्या करने की धमकी देती थी और एक बार तो अपने ऊपर कैरोसिन डालकर आत्महत्या करने की कोशिश भी की थी। इसके साथ ही साल 2020 से, पत्नी अपने पति से अलग रह रही है और पत्नी के व्यवहार को देखते हुए, पति के लिए किसी भी मेंटल प्रेशर के साथ उसके साथ रहना मुमकिन नहीं है।

मामले के मुताबिक 11 मई 2018 को शादी हुई। एक बेटा भी हुआ जो कि 3 साल का है। शादी के लगभग 8 महीने बाद पति को मालूम पड़ा कि पत्नी और उसके माता-पिता मुस्लिम हैं और उन्होंने यह बात छिपाकर से शादी की थी। पत्नी हर गुरुवार को अपने माता-पिता के घर जाने की ज़िद करने लगी। इसके साथ ही पत्नी और उसके माता-पिता ने युवक को मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए कहना शुरू कर दिया। पति ने



मना कर दिया तो पत्नी का व्यवहार बहुत बदल गया और झगड़ा करने लगी। 25 सितंबर 2019 को भी झगड़ा हुआ और पत्नी ने केरोसीन डालकर खुद को आग लगाने की कोशिश की, जिसे पति ने किसी तरह बचाया। इसके बाद पत्नी अपने माता-पिता के घर चली गई। इस पर पति ने न्यायालय में तलाक के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। सुनवाई उपरांत न्यायालय ने तलाक के आवेदन को मंजूर किया। इसके खिलाफ पत्नी ने हाईकोर्ट में अपील पेश की थी जो कि खारिज कर दी गई।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विद्युत कार्य हेतु निविदा सूचना**

**निविदा संख्या क्र.: सीनियर डी.ई.ई. (आर. एस. & जी.) बी.एस.पी./ओ.टी.पी./25-26-32, दिनांक 28.11.2025. कार्य का नामः** बिलासपुर डिवीजन के लिए उपकरण और संयत्र, सुरक्षा सामग्री और मापन उपकरण की व्यवस्था के साथ विद्युत प्रणालियों में सुधार। **निविदा मूल्य (लगभग): ₹ 1,70,90,112/- अमानत राशिः ₹ 2,35,500/-. निविदा बंद होने की तिथि व समयः 29.12.2025, 15:00** बजे।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण, निविदा दस्तावेज जो हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है, उससे देख सकते है।

*वरि. मंडल विद्युत इंजी. (आर.एस.एवं सामान्य)/बिलासपुर*
सीपीआर/10/505

South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

**निविदा संख्या क्र.: सीनियर डी.ई.ई. (आर. एस. & जी.) बी.एस.पी./ओ.टी.पी./25-26-33, दिनांक 29.11.2025. कार्य का नामः** बिश्रामपुर (BRH) में 20 यूनिट टाइप–II, 6 यूनिट टाइप–III, 10 यूनिट टाइप–IV क्वार्टर्स, सेवा भवन, ADEN, ADEE, ADSTE और ARM कार्यालय और अधिकारियों का विश्राम गृह, ओवरहेड टैंक, पंप हाउस, RPF बॅरक और अन्य विविध कार्यों का निर्माण। **निविदा मूल्य (लगभग): ₹ 1,34,52,498/- अमानत राशिः ₹ 2,17,300/-. निविदा बंद होने की तिथि व समयः 30.12.2025, 15:00** बजे।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण, निविदा दस्तावेज जो हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है, उससे देख सकते है।

*वरि. मंडल विद्युत इंजी. (आर.एस.एवं सामान्य)/बिलासपुर*
सीपीआर/10/507

South East Central Railway @secrail

# शीतकालीन छुट्टियों से पहले ट्रेनों में बढ़ी भीड़, मुंबई-गुजरात रूट पर चलेंगी स्पेशल ट्रेनें



हरिभूमि न्यूजः रायपुर

शीतकालीन छुट्टियों से पहले ही रायपुर से महानगर जाने वाली ट्रेनों में बुकिंग पूरी हो चुकी है। एक महीने पहले से दिल्ली, मुंबई, गुजरात समेत राजस्थान जाने वाली ट्रेनों के स्लीपर कोच में वेटिंग 100 के करीब पहुंच चुकी है। ऐसे में अब रेलवे ने जिन रूट में यात्रियों की आवाजाही शीलकालीन छुट्टियों में अधिक है, वहां स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बिलासपुर–एलटीटी–बिलासपुर के बीच एक फेरा स्पेशल ट्रेन चलेगी। इस विशेष सेवा के तहत गााड़ी संख्या 08245 बिलासपुर–एलटीटी स्पेशल ट्रेन 10 दिसम्बर 2025 को बिलासपुर से चलेगी, जबकि गााड़ी संख्या 08246 एलटीटी–बिलासपुर स्पेशल ट्रेन 12 दिसम्बर 2025 को एलटीटी से रवाना होगी। दोनों दिशाओं में ट्रेन का वाणिज्यिक ठहराव रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, अकोला, भुसावल, मनमाड, नासिक रोड, कल्याण, ठाणे और एलटीटी स्टेशनों पर रहेगा। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 20 कोच लगाए गए हैं, जिसमें 02 एसएलआरडी, 05 सामान्य, 10 स्लीपर, 02 एसी-III और 01 एसी-II शामिल हैं।

#### वलसाड के लिए 4-4 फेरे में साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

शीतकालीन मौसम में बढ़ती यात्री भीड़ को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बिलासपुर–वलसाड–बिलासपुर के मध्य 4-4 फेरे के लिए साप्ताहिक शीतकालीन स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे प्रशासन के अनुसार इस विशेष सेवा में यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराई जाएगी। ट्रेन में पर्याप्त संख्या में सीटें भी उपलब्ध हैं।इस श्रृंखला के तहत गााड़ी संख्या 08243 बिलासपुर–वलसाड शीतकालीन स्पेशल 18 दिसम्बर 2025 से 08 जनवरी 2026 तक हर गुरुवार बिलासपुर से रवाना होगी। वहीं गााड़ी संख्या 08244 वलसाड–बिलासपुर शीतकालीन स्पेशल 19 दिसम्बर 2025 से 09 जनवरी 2026 तक हर शुक्रवार वलसाड से चलेगी। दोनों दिशाओं में ट्रेन का वाणिज्यिक ठहराव भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगाँव, डोंगरगढ़, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, बड़नेरा, अकोला, मलकापुर, भुसावल, जळगाँव, अमलनेर, नंदूरबार, चलथान और भेसथान स्टेशनों में तय किया गया है। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 20 कोच लगाए गए हैं, जिनमें 02 एसएलआरडी, 05 सामान्य, 10 स्लीपर, 02 एसी-III और 01 एसी-II शामिल हैं।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**भंडार प्रबंधन विभाग**

**ई–टेंडर नोटिस नं. एन.आई.टी/14/25/54, तिथि :– 02–दिसम्बर–2025**

| क्र. सं. | निविदा सं. | विवरण | निविदा बंद/खुलने की तिथि | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03252680 | ऑटोमेटिक प्रेशर मोडिफिकेशन (एपीएम) डिवाईस फॉर बोगी ओपन वैगन टाईप बॉक्सएनएचएल (एमबीएस) | 22.12.2025 | 415 नग |
| 2 | 02254423 | कंट्रोल कार्ड मॉड्यूल असेंबली फॉर ई–70 ब्रेक सिस्टम फॉर डब्ल्यूएजी–90 एंड डब्ल्यूएपी–7 | 26.12.2025 | 14 नग |
| 3 | 03253234A | व्हील सेट अर्थिंग | 23.12.2025 | 401 सेट |
| 4 | 02255005B | सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टींग एंड कमिशनिंग ऑफ आईपी बेस्ड विडियो सर्विलेंस सिस्टम फॉर रोलिंग स्टॉक ऑफ इंडियन रेलवे | 23.12.2025 | 527 सेट |

**निविदा खुलने/बंद होने का समय : At 10:30 बजे।**
रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है। शुद्धिपत्र और ई–खरीद की जरूरी सूचना वेंडर **www.ireps.gov.in** पर देख सकते हैं।

**सहायक सामग्री प्रबंधक–II, कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक**
**द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर**
सीपीआर/10/516

South East Central Railway @secrail

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**

**ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

क्र. 161/न.पा.नि./PMAY/2025-26 — बिलासपुर दिनांक 05/12/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत डी व प्रवर श्रेणी में पंजीकृत ए श्रेणी विद्युत लायसेंस प्राप्त ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा डाउनलोड/सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 181227 | ''प्रधानमंत्री आवास योजना - भागीदारी में किफायती आवास मिशन'' अंतर्गत खमतराई में निर्मित 145 आवास के अंतर्गत बाह्य विद्युतीकरण कार्य। | 13.00 | 26/12/2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)**

Green City, Clean City, Dream City.

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया बैकुंठपुर शाखा — Central Bank of India Baikunthpur Branch**

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि **खसरा संख्या- 355**, क्षेत्रफल 2 हेक्टेयर, डायवर्सन के बाद **खसरा संख्या- 355/3** , जिसका क्षेत्रफल **0.80 हेक्टेयर** है, नवगाँई, पोस्ट-कटगोड़ी, थाना+ तहसील- सोनहत, जिला-कोरिया, छत्तीसगढ़ में अनुसूचित संपत्ति को **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया** के पास गिरवी रखा जाना है। इसकी **सीमाएँ उत्तर-** भरत सिंह की भूमि, **दक्षिण-** पक्की सड़क, **पूर्व-** भरत सिंह की भूमि, **पश्चिम-** शैलिनी सिंह की भूमि हैं। मैं, मेसर्स भारत कंस्ट्रक्टर्स का मालिक, भरत कुमार सिंह, गोदाम निर्माण के लिए **89.66 लाख** रुपये का ऋण लेना चाहता हूँ। उन्होंने **31/03/2015** की स्वामित्व विलेख संख्या-138 खो दी है। बंधककर्ता श्री भरत कुमार सिंह उप पंजीयक बैकुंठपुर के समक्ष बंधक रखने का इरादा रखते हैं। कोई भी व्यक्ति, बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान, यदि कोई आपत्ति रखता है, तो वह 15 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा- बैकुंठपुर को प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा हम श्री भरत कुमार सिंह, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पास संपार्श्विक के रूप में संपत्ति के बंधक के साथ आगे बढ़ेंगे।
सम्पर्क करने का विवरण- **श्री राजेन्द्र नामदेव, पैनल अधिवक्ता, मो.- 9329403695**
**शाखा प्रबंधक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा- बैकुंठपुर- मो.- 7780182143**

**कार्यालय नगर पंचायत पलारी**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग)**
Phone No. 07727-271344, E-mail ID- cmonppallari@rediffmail.com

क्रमांक/1181/लो.नि.वि./नि.आ.सू./2025-26 — पलारी दिनांक 04/12/2025

**-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (2nd call) ::-**

नगर पंचायत पलारी द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | ऑनलाईन निविदा डाऊनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 181163 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat Palari under SBM 2.0 | 258.13 | 22.12.2025 (Time 17.00) |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी डाऊनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत पलारी**

www.pmfby.gov.in
**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना**
UIN: IRDAN126RP0001V01201617
**पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना**
UIN: IRDAN126RP0002V02200708

फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ
**रबी 2025–26**

**भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित**

- पीएमएफ़बीवाई रबी 2025-26 में छत्तीसगढ़ के 8 जिलों ( धमतरी, जशपुर, नारायणपुर, राजनांदगाव, खैरागढ़ - छुईखदान - गडई, महासमुंद, रायगढ़, सुरजपुर ) में संचालित की जा रही है।
- आरडबल्यूबीसीआईएस रबी 2025-26 में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में संचालित की जा रही है।

**अधिसूचित फसलें**
पीएमएफ़बीवाई - चना, गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित, राई-सरसों एवं अलसी
आरडबल्यूबीसीआईएस - टमाटर, बैगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू



**आधार अनिवार्य** किसान भाईयों से अनुरोध है कि वो अपना आधार 31.12.2025 से पूर्व, बैंक में अपडेट करालें। फसल बीमा पोर्टल पर बिना आधार प्रमाणीकरण के बीमा मान्य नहीं होगा।

किसान द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का मात्र 1.5% (पीएमएफ़बीवाई ), 5% (आरडबल्यूबीसीआईएस )

**बीमा करवाने हेतु संपर्क करें :**
- बैंक की किसी निकटस्थ शाखा/सहकारी समिति (जहां आपका बचत खाता है)
- ग्राहक सेवा केन्द्र/कॉमन सर्विस सेंटर (CSC)
- फसल बीमा पोर्टल (www.pmfby.gov.in) पर ऑनलाइन
- क्रॉप इंश्योरेंस एप (Crop Insurance App)
- ए.आई.सी. के प्रतिनिधि/कार्यालय अथवा अधिकृत इन्टरमीडियरीज

**बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31/12/2025**



**आवश्यक प्रपत्र :**
1) नवीनतम आधार कार्ड
2) नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र ( बी-1, पी - 2 )
3) बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउंट नंबर / आईएफएससी कोड / बैंक का पता साफ दिख रहा हो
4) फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र
5 ) किसान का वैध मोबाईल नंबर
6) बटाईदार / कास्तकार / साझेदार किसानों के लिए - फसल साझा / कास्तकार का घोषणा पत्र |

**पीएमएफ़बीवाई चैट बॉट 7065514447**

HO/25-26/1A/28

शिकायत के मामले में शिकायत निवारण के लिए एआईसी के वेबसाइट https://www.aicofindia.com/grievance-rodressal के माध्यम से शिकायत ऑनलाइन दर्ज की जा सकती है।

भारतीय कृषि बीमा कंपनी® | AGRICULTURE INSURANCE COMPANY OF INDIA LTD.
क्षेत्रीय कार्यालयः एल.आई.सी. इनवेस्टमेंट बिल्डिंग, फेस-2, द्वितीय तल, पंडरी, रायपुर- 492004 (छ.ग.)
फोन/फैक्सः 0771-4306615 ई–मेलः ro.raipur@aicofindia.com
पंजीकृत कार्यालयः प्लेट बी और सी, 5वीं मंज़िल, ब्लॉक 1, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली–110023.
सीआईएनः U74999DL2002PLC118123, आईआरडीएआई पंजीकरण सं. 126
aicofindialtd aicofindia aicofindia aicofindialtd

कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन 14447

बीमा आग्रह की विषय वस्तु है।

फसल हो या कृषि संपदा। बीमा सुरक्षा हमारा वादा ।।

विज्ञापन मात्र (नियम एवं शर्तें लागू)

## खबर संक्षेप




### खेल मंत्रालय ने किया पुणे के इन्फ्लूएंसर के साथ गठजोड़

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रम फिट इंडिया ने अपनी 64 दिवसीय दौड़ के लिए अल्ट्रा-धावक और 'इन्फ्लूएंसर' आशीष कासोदकर की अगुवाई वाले पुणे स्थित सिंपल स्टेप्स फिटनेस के साथ गठजोड़ किया है। यह दौड़ 24 नवंबर को अरुणाचल प्रदेश की डोंग घाटी से शुरू हुई, जहां भारत अपना पहला सूर्योदय देखता है। इसका समापन अगले साल गणतंत्र दिवस पर गुजरात के गुहार मोती में होगा, जो देश का आखिरी सूर्यास्त स्थल है। मंत्रालय के अनुसार, 'इस साझेदारी से फिटनेस को जीवनशैली बनाकर फिट इंडिया मिशन को मजबूत करने, देश भर में वृक्षारोपण और पर्यावरण जागरुकता को प्रोत्साहित करने, समावेशी भागीदारी से मजबूत सामुदायिक संबंध बनाने तथा स्वास्थ्य, आंदोलन और जागरूकता की स्थायी संस्कृति को प्रेरित करने की उम्मीद है।' कासोदकर को 60 दिनों में 60 मैराथन दौड़ने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड और 555 किलोमीटर लंबी ला अल्ट्रा दौड़ दौड़ने के लिए जाना जाता है। वह अरुणाचल प्रदेश और असम से लेकर बिहार तक तथा उत्तर प्रदेश से लेकर मध्य प्रदेश और गुजरात तक कई राज्यों की यात्रा कर रहे हैं। इस दौड़ के दौरान डॉन2डस्क का लक्ष्य ग्रो ट्री फ़ाउंडेशन के साथ मिलकर 76,000 पेड़ लगाना और देश भर के नागरिकों का अपने-अपने स्थानों से सामूहिक रूप से 7,60,000 किलोमीटर दौड़ना और पैदल चलना है।

### मेस्सी के टूर के दौरान किया जाएगा मिनर्वा अकादमी को सम्मानित



**नई दिल्ली।** इस साल की शुरुआत में यूरोप में तीन खिताब जीतने वाली मिनर्वा अकादमी एफसी की युवा टीम को इस महीने के अंत में लियोनेल मेस्सी के 'जीओएटी इंडिया टूर' के दिल्ली चरण के दौरान सम्मानित किया जाएगा। मिनर्वा की 22 खिलाड़ियों की अंडर 14-15 टीम ने इस साल जुलाई-अगस्त में यूरोप का दौरा किया और स्वीडन में गोथिया कप, डेनमार्क में डाना कप और नॉर्वे में नॉर्वे कप सहित तीन ट्रॉफियां जीतीं। दिल्ली में मेस्सी के प्रवास के दौरान इन युवा खिलाड़ियों को वैश्विक फुटबॉल दिग्गज की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में के साथ नौ-नौ खिलाड़ियों की दो टीमों के बीच एक मैच का आयोजन हो सकता है, जिसमें मेस्सी की भी भागीदारी हो सकती है। मिनर्वा अकादमी एफसी के मालिक और प्रबंधक रंजीत बजाज हैं, जो आई-लीग क्लब दिल्ली एफसी का भी संचालन करते हैं।

# एशेज : 334 रन पर समाप्त हुई इंग्लैंड की पहली पारी, रूट 138 रन बनाकर नाबाद

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया के साथ ब्रिसबेन में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन के पहले सत्र में इंग्लैंड की पहली पारी 334 रन पर सिमट गई। जो रूट 138 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने दूसरे दिन की शुरुआत 9 विकेट पर 325 रन से की थी। 9 रन और जोड़ने के बाद जोफ्रा आर्चर के रूप में दसवां विकेट गिरा। आर्चर 38 रन बनाकर आउट हुए। रूट और आर्चर के बीच दसवें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी हुई। आर्चर ने 36 गेंद पर 2 छक्के और 2 चौके की मदद से 38 रन की पारी खेली।

### रूट और आर्चर के बीच 10वें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी



### रूट का ऑस्ट्रेलिया की धरती पर पहला शतक

*मैच के पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। रूट का शतक पहले दिन का आकर्षण रहा था। रूट ने ऑस्ट्रेलिया की धरती पर अपना पहला शतक और कुल 40वां टेस्ट शतक लगाया। वह 40 या उससे अधिक टेस्ट शतक बनाने वाले सचिन, कैलिस और पोंटिंग के बाद चौथे बल्लेबाज बने। रूट 206 गेंद पर 15 चौके और 1 छक्के की मदद से 138 रन बनाकर नाबाद रहे। रूट चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए थे। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए क्रॉली के साथ 97 रन की और चौथे विकेट के लिए हैरी ब्रूक के साथ 54 रन की साझेदारी की। रूट के अलावा सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली ने 93 गेंद पर 76 रन की पारी खेली। आर्चर तीसरे शीर्ष स्कोरर रहे। इंग्लैंड के चार बल्लेबाज बेन डकेट, ओली पोप, जेमी स्मिथ और ब्रायडन कार्स खाता नहीं खोल सके।*

### लाबुशेन ने बनाया नया कीर्तिमान डे-नाइट टेस्ट में पूरे किए 1 हजार रन



ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने एक नया कीर्तिमान अपने नाम कर लिया। वह डे-नाइट टेस्ट मैचों में 1 हजार रन का आंकड़ा छूने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इस उपलब्धि तक पहुंचने में मार्नस को सिर्फ 16 पारियां खेलनी पड़ीं, यानी कुल 10 टेस्ट मैच। 2019 से अब तक उन्होंने पिंक बॉल से चार शतक और चार अर्धशतक जड़े हैं। उनका औसत 66 से ऊपर रहा है. एशेज के दूसरे टेस्ट की बात करें तो लाबुशेन ने इस मैच में 85 गेंदों पर 61 रन ठोके। इस बैटर ने 5 चौके और 2 छक्के लगाए।

*विशाखापत्तनम में दोपहर 1.30 बजे से भारत-द.अफ्रीका के बीच कांटे की टक्कर*

# निर्णायक भिड़ंत आज: रो-को से दमदार प्रदर्शन की आस, जायसवाल और बॉलर्स बन सकते हैं गेम चेंजर

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

भारत विराट कोहली और रोहित शर्मा से फिर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 6 दिसंबर को होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके श्रृंखला अपने नाम करने की कोशिश करेगा। भारत के कुछ युवा खिलाड़ी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और ऐसे में उन पर दबाव होगा। दक्षिण अफ्रीका टेस्ट श्रृंखला जीतने के बाद अब वनडे श्रृंखला जीतने में भी कसर नहीं छोड़ेगा और ऐसे में भारतीय टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की जरूरत है। भारत अगर इस मैच में जीत हासिल करता है तो पिछले कुछ समय से टीम को लेकर चल रही अटकलें पर भी विराम लग जाएगा।

इसके लिए कोहली और रोहित को फिर से अपना महत्वपूर्ण योगदान देना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि इन दोनों का वनडे क्रिकेट में कोई सानी नहीं है और उन्हें इस तरह के दबाव वाले मैच में खेलने का अच्छा अनुभव है। इसलिए भारत की जीत में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। रोहित और कोहली अपनी करियर के अवसान पर हैं और वह इसमें एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ने की कोशिश करेंगे।



### अच्छे फार्म में कोहली और रोहित

कोहली ने अपनी पिछली तीन पारियों में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया है, जबकि रोहित ने अपनी पिछली चार पारियों में एक शतक और दो अर्धशतक लगाए हैं। उन्हें कुछ युवा बल्लेबाजों का अच्छा सहयोग मिल रहा है जैसा कि पिछले मैच में रुतुराज गायकवाड़ ने अपना योगदान दिया था। उन्होंने अपना पहला वनडे शतक लगाया था।

**एसीए-वीडीसीए स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल**- एसीए-वीडीसीए स्टेडियम की पिच अक्सर बल्लेबाजों के अनुकूल होती है और भारत का यहां शानदार रिकॉर्ड रहा है। उसने यहां 2005 से 10 एकदिवसीय मैचों में से सात में जीत हासिल की है लेकिन यहां खेले गए पिछले मैच में उसे आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था।

भारत वाशिंगटन सुंदर को विश्राम देकर उनकी जगह तिलक वर्मा को मध्यक्रम की बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए अंतिम एकादश में शामिल करने पर भी गंभीरता से विचार करेगा।

### वनडे में पिछले 20 मैच से टॉस नहीं जीत पाया भारत

कप्तान केएल राहुल ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन इस श्रृंखला में ओस के कारण टॉस की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो गई है। भारत वनडे में पिछले 20 मैच से टॉस नहीं जीत पाया है, जिसका खामियाजा उसे रायपुर में दूसरे वनडे में भुगतना पड़ा। भारतीय गेंदबाज भी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। अब भारत को उम्मीद होगी कि उनके युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा अच्छा प्रदर्शन करेंगे और प्रभावशाली अर्शदीप सिंह का पूरा साथ देंगे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला जीतने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन वह तेज गेंदबाज बर्गर और बल्लेबाज टोनी डी जॉर्जी की फिटनेस को लेकर चिंतित है।

### हमारी बल्लेबाजी में संतुलन अच्छा : ब्रीट्जके

**विशाखापत्तनम।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि भारत शनिवार को होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उनकी टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश करेगा लेकिन उन्हें इससे पार पाने के लिए अपनी संतुलित बल्लेबाजी पर भरोसा है। तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर है और भारत को दक्षिण अफ्रीका से लगातार दूसरी श्रृंखला में पराजय से बचने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। इससे पहले टेस्ट श्रृंखला में उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। ब्रीट्जके ने कहा, 'हम जानते हैं कि हमें एक बहुत अच्छी टीम का सामना करना होगा। हमें पता है कि वह जीत हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

प्लेयर ऑफ द मंथ

### सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में शेफाली



**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में 87 रन की तेजतर्रार पारी खेलने और दो महत्वपूर्ण विकेट लेने वाली भारतीय क्रिकेटर शेफाली वर्मा को नवंबर महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के चोटिल हो जाने के कारण शेफाली को भारतीय टीम में जगह मिली थी। उन्हें फाइनल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था और अब वह महिलाओं के पुरस्कार के लिए नामांकित की गई तीन खिलाड़ियों में शामिल हैं। महिला वर्ग का पुरस्कार हासिल करने के लिए उन्हें संयुक्त अरब अमीरात की ईशा ओझा और थाईलैंड की थिपाचा पुथावोंग की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इन दोनों ने बैंकॉक में पहली आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था। यूएई की कप्तान ओझा ने सात टी-20 मैचों में 137.50 की स्ट्राइक रेट से 187 रन बनाए और सात विकेट लिए।

जीता खिताब

### स्क्वाश इंडियन टूर में चैंपियन बने सेंथिलकुमार और अनाहत




**चेन्नई।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने स्क्वाश इंडियन टूर 4 में पुरुष वर्ग का और अनाहत सिंह ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया। शीर्ष वरीय और दुनिया के 46वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने मिस्र के एडम हवाल को 11-7, 11-9, 9-11, 11-4 से हराकर पुरुषों का खिताब जीता। महिलाओं के फाइनल में दिल्ली की अनाहत सिंह (दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी) ने अनुभवी हमवतन जोशना चिनप्पा (पूर्व नंबर 10) को पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में 11-8, 11-13, 11-13, 11-6, 11-8 से शिकस्त दी। पिछले महीने डेली कॉलेज इंडियन ओपन के बाद अनाहत की यह चिनप्पा पर लगातार दूसरी जीत थी। सेंथिलकुमार, अनाहत, जोशना और अभय सिंह अगले हफ्ते यहां शुरू होने वाले स्क्वाश विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## आईएल टी20 : निसांका ने खेली 81 रन की तूफानी पारी, मुंबई इंडियंस की टीम को रौंदा



**दुबई।** इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएल टी20) के जारी सीजन में गल्फ जायंट्स ने मुंबई इंडियंस की फ्रेंचाइजी एमआई अमीरात को छह विकेट से बुरी तरह हराया। आईपीएल 2025 सीजन की नीलामी में 75 लाख के बेस प्राइस वाले पथुम निसांका को किसी टीम ने नहीं खरीदा था। अब उसी बैटर ने कायरन पोलार्ड की कप्तानी वाली एमआई अमीरात के खिलाफ 42 गेंदों में 81 रन की तूफानी पारी खेली, जिससे गल्फ जायंट्स ने 164 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया।

### निसांका के धमाके से जीती गल्फ

164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गल्फ जायंट्स की तरफ से श्रीलंका के पथुम निसांका ओपनिंग के लिए आए। दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे, लेकिन निसांका ने 42 गेंदों में छह चौके और चार छक्कों के साथ 81 रन की शानदार पारी खेली। वहीं, 16 गेंदों में एक चौका और चार छक्कों से 39 रन की नाबाद पारी अज़मतुल्लाह उमरजई ने खेली। इन दोनों की मदद से गल्फ जायंट्स ने 14.4 ओवर में ही चार विकेट पर 164 रन बनाकर मैच जीत लिया। इसके साथ ही एमआई को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा।

न्यूजीलैंड-वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज , होप-ग्रीव्स के बीच 140 रन की साझेदारी

## होप ने जड़ा शतक, वेस्टइंडीज जीत से अब भी 319 रन दूर

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

शाई होप ने अपना चौथा टेस्ट शतक जड़ा और जस्टिन ग्रीव्स के साथ 140 रन की अटूट साझेदारी की, जिससे वेस्टइंडीज ने 531 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 212 रन बनाकर अपनी उम्मीदों को कायम रखा।

बड़े लक्ष्य के सामने वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 72 रन तक चार विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद होप और ग्रीव्स ने टीम को आगे कोई झटका नहीं लगने दिया। चौथे दिन का खेल समाप्त होने के समय होप 116 रन और ग्रीव्स 55 रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज अभी न्यूजीलैंड से 319 रन पीछे है।



### न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी 466 रन पर की घोषित

न्यूजीलैंड ने इससे पहले अपनी दूसरी पारी आठ विकेट पर 466 रन पर समाप्त घोषित की थी। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 231 रन बनाए थे, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 167 रन पर आउट हो गई थी। न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी कल के स्कोर चार विकेट पर 417 रन पर समाप्त घोषित करने के बजाय खेलना जारी रखा। उसने आखिर में तब पारी समाप्त घोषित की जब उसका कोई फिट बल्लेबाज नहीं बचा था। विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल और ऑलराउंडर नाथन स्मिथ चोटिल होने के कारण बल्लेबाजी नहीं कर पाए। मैट हेनरी ने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में 11 ओवर गेंदबाजी की और उसके बाद उन्हें पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा और वह स्कैन के लिए अस्पताल चले गए। हेनरी और स्मिथ के बाहर होने के कारण जैकब डफी और जैक फाउलकेस ही न्यूजीलैंड के फिट तेज गेंदबाज रह गए।


homefirst
We'll take you home

**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703,
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**धारा 13(2) के तहत मांग सूचना**

आप, नीचे उल्लिखित ऋणधारकों ने अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति को बंधक रखकर ऋण लिया है और आप, नीचे उल्लिखित ऋणधारक ऋण समझौते के लिए ऋणधारक/सह-ऋणधारक जमानतदार के रूप में खड़े हैं। आपके द्वारा किए गए चूक के परिणामस्वरूप, आपके ऋण खाते को वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत 04-12-2025 को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हम, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ने आपके द्वारा दिए गए पते पर सरफेसी अधिनियम की धारा 13(13) के साथ धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किया है। उक्त नोटिस 04-12-2025 को जारी किए गए हैं और इन नोटिसों में कहा गया है कि आपने आपको स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की है। इसलिए, वर्तमान प्रकाशन सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के प्रावधान और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधान के अनुसार नोटिस देने के लिए किया गया है:

| क्र. सं. | खाता, ऋणधारक (ओं) व जमानतदार (ओं) का नाम और पता | लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण | मांग सूचना की तिथि तक कुल बकाया राशि तथा अतिरिक्त ब्याज और अन्य व्यय (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1. | धनराज दिवाकर, शकुन आर्मो | ख.नं.. 147/4, प.ह.नं.. 24/41 रा.नि.मं. सकरी, मौजा सैदा, म.नं.-06, तहसील सकरी एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व -विक्रेता की भूमि, पश्चिम - विक्रेता की भूमि, उत्तर - सड़क, दक्षिण - विक्रेता की भूमि। | 15,61,139 |
| 2. | केसर पटेल, हरेल बाई पटेल, डेरहा राम पटेल | ख. नं. 147/4, प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. सकरी, म.नं.-06, मौजा सैदा, तहसील सकरी एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम- सड़क, उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण -विक्रेता की भूमि। | 16,33,574 |
| 3. | सरिता यादव, राकेश यादव, सुकृता यादव, | ख. नं. 68 [भाग], प.ह.नं. 29, सोनकर कॉलोनी के सामने होंडा शोरूम के पास, दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक 22, म.नं.-01, मौजा मुंगेली, तहसील एवं जिला - मुंगेली, मुंगेली, छत्तीसगढ़, 495334 चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम-विक्रेता की भूमि, उत्तर-प्रस्तावित सड़क, दक्षिण-विक्रेता की भूमि। | 11,17,446 |
| 4. | जलेश कश्यप, गौरी कश्यप, | ख.नं.-248/3 भाग, प.ह.नं. 41, मौजा सैदा, म.नं.-06, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सैदा के पीछे, रा.नि.मं. अमसेना, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छ.ग., बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-सड़क, पश्चिम-विक्रेता की भूमि, उत्तर-विक्रेता की भूमि, दक्षिण-विक्रेता की भूमि। | 10,98,720 |
| 5. | दिनेश कुमार भारद्वाज, रेखा बाई भारद्वाज, | ख.नं.-2318/8, एवं 2318/14, मौजा चोरभट्टीकला, प.ह.नं. 50, रा.नि.मं. गनियारी, तह.सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व- वीरेंद्र कौशिक का प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, विक्रेता प्लॉट, दक्षिण- विक्रेता का प्लॉट। | 12,89,539 |
| 6. | पीताम्बर दास, पुष्पा मानिकपुरी, | ख.नं.-248/32, प.ह.नं. 41, म.नं.-06, प्लॉट संख्या-24, शीट नं.-14, मौजा ग्राम सैदा, तह-सकरी एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 9,97,936 |
| 7. | मुकेश कुमार मिरी, पल्लवी मिरी, | ख.नं.-41/8(भाग) प.ह.नं. 41, म.नं.-07, प्लॉट/सर्वे नं.-10/2, मौजा सैदा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 10,89,532 |
| 8. | कमलेश पाटले, प्रीती पाटले | ख.नं.-126/69, प.ह.नं. 16/30, मौजा पत्थरखान, तह-बिल्हा जिला-बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम-शमीम बेगम का प्लॉट, उत्तर-सैय्याद सैद का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 8,37,164 |
| 9. | बी.लक्ष्मण, बी गंगा, | ख.नं.-37/62 भाग, प.ह.नं. 41, मौजा सैदा, महल नंबर 07, तहसील सकरी जिला बिलासपुर सी.जी., बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम-विक्रेता का प्लाट, उत्तर-विक्रेता का प्लाट, दक्षिण-विक्रेता का प्लाट। | 9,85,603 |
| 10. | नरेंद्र दास मानिकपुरी, दुर्गा मानिकपुरी, | ख.नं.-957/1, प.ह.नं. 5, मौजा कोटा, तहसील कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-सरकारी भूमि, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट | 7,89,683 |
| 11. | आदित्य श्रीवास, प्रभा श्रीवास, | ख.नं.-519/20, मौजा तिलसरा, प.ह.नं.09, रा.नि.मं. बिल्हा, ब्लॉक व तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: उत्तर-शेष भूमि, दक्षिण-जमुना प्रसाद की भूमि, पूर्व-खिलावन की भूमि, पश्चिम-निस्तारी रास्ता। | 3,50,902 |
| 12. | हरिश्चंद्र अमृत सिंह, फुलेस्वरी अमृत सिंह, अमृत सिंह, | ख.नं. 360/1भाग, प.ह.नं. 09, ग्राम मुढ़ीपारा, रा.नि.मं. बिल्हा, तहसील बिल्हा (नई बोदरी) जिला बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: उत्तर-जगनाथ धुर की भूमि, दक्षिण-निस्तारी रास्त, पूर्व-कृष्णा भारती की भूमि, पश्चिम-विक्रेता की भूमि। | 6,36,457 |
| 13. | रामगरिया श्रीवास, अनुसुइया श्रीवास, सुरेंद्र केजूराम | ख नं.365/2, मौजा मुढ़ीपार, फोन 09, रा.नि.मं. और तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 उत्तर-विक्रेता की भूमि, दक्षिण-विक्रेता की भूमि, पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम-निस्तारी रास्ता। | 4,81,174 |
| 14. | उदय यादव, अविना यादव, | ख.नं. 195/2, मौजा बन्नाकडीह, प.ह.नं. 42, रा.नि.मं. सिरगिट्टी, तह. बिलासपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: उत्तर-निस्तारी, दक्षिण-विक्रेता की भूमि, पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम-विक्रेता की भूमि। | 5,18,520 |
| 15. | राहुल बघेल, चंचल बघेल, | ख.नं. 360/1, प.ह.नं. 9, मौजा मुढ़ीपार, रा.नि.मं. बिल्हा, तह बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495006 चौहद्दी : उत्तर-जगन्नाथ धुरी की भूमि, दक्षिण-निस्तारी रोड, पूर्व-निस्तारी रोड, पश्चिम- रामकुमार गंधर्व की भूमि। | 6,01,386 |
| 16. | आशीष कुमार बंजारे, मंजू बाई बंजारे, | ख.नं.33/6, प.ह.नं.50, मौजा गनियारी, रा.नि.मं.गनियारी, विकास खंड तखतपुर तह. सकरी, एवं जिला-बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495006 चौहद्दी: उत्तर-विक्रेता की भूमि, दक्षिण-बिल्लू की भूमि, पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम-विक्रेता की भूमि । | 5,57,695 |
| 17. | ज्वाला प्रसाद बघेल, शशि बाई बघेल, | डायवर्टेड आवासीय भूमि, शीट नंबर 3, प्लॉट नंबर 42, खसरा नंबर 33/6 का भाग, (विक्रय अनुबंध क्षेत्रफल 1001 वर्ग फीट), पटवारी हलका नंबर 50, ग्राम गनियारी, राजस्व निरीक्षक गनियारी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495006 चौहद्दी: उत्तर - कुमार की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की भूमि, पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम-कोरी जी की भूमि। | 9,17,960 |
| 18. | दूजे राम खूंटे, सुनीता बाई खूंटे, | ख.नं. 33/6, प.ह.नं. 50, मौजा गनियारी, शीट नं.-02, प्लॉट नं.-42, रा.नि.मं. गनियारी, विकासखंड तखतपुर तह. सकरी एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: उत्तर-विक्रेता की भूमि, दक्षिण-विक्रेता की भूमि, पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम-विक्रेता की भूमि । | 6,17,101 |
| 19. | सरिता मानिकपुरी, साहेब दास, | ख.नं. 47/5 का हिस्सा, पटवारी हल्का नंबर 41, गांव सैदा म.नं.-06, राजस्व निरीक्षक अमसेना, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495004 चौहद्दी: उत्तर-20 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण-संतोष दुबे की भूमि, पूर्व-संतोष दुबे की भूमि, पश्चिम-विक्रेता की भूमि। | 5,83,648 |

आपसे अनुरोध है कि आप इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को उपरोक्त राशि ब्याज और लागत के साथ चुकाएं, अन्यथा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ऋणधारकों, बंधककर्ताओं और जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने सहित सभी या किसी एक या अधिक सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई करेगी। उक्त अधिनियम के तहत होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को उपलब्ध शक्तियों में शामिल हैं-(1) ऋणधारकों/जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों को कब्जे में लेने की शक्ति जिसमें सुरक्षित संपत्तियों को जारी करने के लिए पट्टे, बिक्री के असाइनमेंट के माध्यम से हस्तांतरण के अधिकार शामिल हैं (2) पट्टे, असाइनमेंट या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण के अधिकारों सहित सुरक्षित संपत्तियों का प्रबंधन अपने हाथ में लेना और सुरक्षित संपत्तियों को प्राप्त करना।

उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के प्रावधानों के अनुसार, आपको होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड की पूर्व सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा (आपके व्यवसाय के सामान्य क्रम के अलावा) किसी भी सुरक्षित संपत्ति को होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थान: बिलासपुर
दिनांक: 06-12-2025


द्वारा हस्ताक्षरित: प्राधिकृत अधिकारी
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड






# दुनिया का पहला होम रोबोट, बर्तन से लॉन्ड्री तक करेगा एक-एक काम

**नई दिल्ली।** दुनिया में टेक्नोलॉजी अब बहुत आगे बढ़ चुकी है। इंसान ने अपनी सुविधा के लिए एक से एक तकनीक का आविष्कार कर लिया है। बस जिसके पास मोटा पैसा होगा, वो ही इन सुख-सुविधाओं को खरीद इनका लाभ उठा पाएगा। इस कड़ी में अब होम रोबोट भी लॉन्च हो गया है। होम रोबोट की सुविधा लेने के लिए लोगों को मोटी रकम चुकानी होगी। अगर आप अच्छे खासे पैसे वाले हैं तो आप इसे पर्मानेंट खरीदकर घर ला सकते हैं। दूसरा ऑप्शन यह है कि आप इसे मंथली रेंट पर भी घर ला सकते हैं, लेकिन इसके लिए भी जेब ढीली करनी पड़ेगी।



## होम रोबोट की कीमत

अगर आपके पास घर का काम करने के लिए टाइम नहीं है, या काम करने से ज्यादा थक जाते हैं, या फिर नौकरों पर ट्रस्ट नहीं रह गया है, उनका काम पसंद नहीं आ रहा है तो आपके पास होम रोबोट का बेस्ट ऑप्शन है। इसकी कीमत 20 हजार यूएस डॉलर यानी 18 से 19 लाख रुपए के बीच है। इसके साथ आपको होम रोबोट की तीन साल की वारंटी भी मिलेगी। अगर आप 18 लाख रुपए अफोर्ड नहीं कर सकते हैं और कुछ समय के लिए ही होम रोबोट को हायर करना चाहते हैं तो आप इसके लिए 499 यूएस डॉलर यानी तकरीबन 45 हजार रुपए का मंथली सब्सक्रिप्शन भी ले सकते हैं।

## होम रोबोट क्या-क्या कर सकता है

होम रोबोट को घर लाने के बाद आप भूल जाइए कि आपको घर में एक सुई भी उठानी पड़े। यह घर के सारे काम जैसे झाड़ू, पोछा, बर्तन धोना, घर की सफाई और सामान इधर से उधर रखना। एक तरह से होम रोबोट फुल टाइम मेड का काम करता है। इतना ही नहीं, होम रोबोट की सबसे मजेदार बात यह है कि वह आपके साथ डांस भी कर सकता है। यानी एंटरटेनमेंट का भी फुल जुगाड़ है। इसकी सबसे चौंकाने वाली बात यह भी है कि यह सोचने-समझने की भी शक्ति रखता है। आपके आसपास कैसा माहौल है, यह उन सबकी जानकारी चुटकी में दे देगा। होम रोबोट को बेचने वाली कंपनी दावा करती है कि यह आपकी भागदौड़ भरी जिंदगी को आसान कर देगा।

# सहारा रेगिस्तान में अंतरिक्ष से दिखा 'अंगूठी' जैसा अजब नजारा

वॉशिंगटन। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर मौजूद एक अंतरिक्ष यात्री ने सहारा रेगिस्तान में ऐसा नजारा कैमरे में कैद किया है, जो किसी एलियन दुनिया जैसा लगता है। इसमें रेगिस्तान की पीली रेत से अंगूठी जैसी दिखने वाली विशाल चट्टानी संरचनाएं निकलती दिखाई दे रही हैं। यह तस्वीर वैज्ञानिकों के बीच चर्चा का विषय बन गई है।


## आईएसएस के अंतरिक्ष यात्री ने खींची अद्भुत तस्वीर

यह तस्वीर आईएसएस के अंतरिक्ष यात्री ने 13 सितंबर 2025 को सहारा रेगिस्तान के ऊपर उड़ान भरते हुए लीबिया के जबाल अर्कानू मैसिफ में खींची थी। मैसिफ पर्वतीय या चट्टानों का ऐसा बड़ा ठोस हिस्सा होता है, जो आसपास की संरचनाओं से अलग लेकिन स्थिर बना रहता है।

## 24 किमी इलाके में फैली है संरचनाएं

जबाल अर्कानू संरचनाएं इजिप्ट की सीमा के पास लीबिया के दक्षिण-पूर्वी इलाके में स्थित है और करीब 24 किलोमीटर इलाके में फैली हैं। यह देखने में अंगूठी जैसे आकार की लगती हैं। इन्हें करीब 5 करोड़ साल पुराना माना जाता है। पहले अनुमान था कि ये संरचना उल्कापिंड के टकराने से बनी होगी, लेकिन डिटेल्ड फील्डवर्क ने इस सिद्धांत को खारिज कर दिया।

## एलियंस का सबूत या प्रकृति का खेल?



## ज्वालामुखी से बने रेगिस्तान में पहाड़!

नासा का कहना है कि ये संरचनाएं भूवैज्ञानिक प्रक्रियाओं की वजह से बनी हैं। इनका निर्माण धरती के अंदर ज्वालामुखी फटने और उसका लावा ऊपर आने से हुआ है। बार-बार मैग्मा के ऊपर उठने और आसपास की चट्टानों में घुसने से इनका निर्माण हुआ। इस प्रक्रिया के दौरान एक-दूसरे को काटते हुए रिंग जैसी श्रृंखला बनी, जिसका केंद्र मुख्य रूप से दक्षिण-पश्चिम की ओर हैं।

## इलाके में कई दुर्लभ खनिज मौजूद

नासा का कहना है कि अंगूठी जैसी संरचना मुख्य रूप से बेसाल्ट और ग्रेनाइट से बनी है। इसके ऊपर उत्तर में टोपी की तरह दिखने वाला स्ट्रक्चर है जो बलुआ पत्थर, चूना पत्थर और क्वार्ट्ज की परतों से घिरा हुआ है। यहां पर सेनाइट, ट्रेचाइट और फोनोलाइट जैसे दुर्लभ खनिज मौजूद हैं।

## रेगिस्तानी पहाड़ की चोटियां 1400 मीटर ऊंची

आईएसएस पर मौजूद एक्सपीडिशन 73 क्रू के एक अंतरिक्ष यात्री ने निकोन जेड9 डिजिटिल कैमरा से 800 मिलीमीटर लेंस का इस्तेमाल करके ये तस्वीर खींची है। यह दिखाता है कि रिंग जैसी इस संरचना की 1,400 मीटर ऊंची चोटियां हैं। ये चोटियां मैदानी इलाके में 800 मीटर लंबी छाया डाल रही हैं, जिससे रेगिस्तान में नाटकीय प्रभाव पैदा हो रहा है। तस्वीर में चट्टानी मलबे के पंख भी दिख रहे हैं, जो रेत के टीलों की ओर बहते नजर आ रहे हैं।

## बेहद सूखा इलाके बारिश नाममात्र की

जिस इलाके में यह अनोखा स्ट्रक्चर देखा गया है, वह बेहद सूखा हुआ क्षेत्र है। नासा और जैक्सा के ट्रॉपिकल रेनफॉल मीजरिंग मिशन से संकेत मिलते हैं कि यहां पर साल में बारिश का औसत महज 1 से 5 मिमी प्रति वर्ष है। हालांकि, चोटियों के पास बारिश की मात्रा थोड़ी बढ़कर 5 से 10 मिमी तक हो जाती है। दो सूखी घाटी मैसिफ को काटती हैं। बेडौइन चरवाहे यहां मौजूद हरी-भरी घाटी का उपयोग मौसमी चरागाह के लिए करते हैं। यह तस्वीर दिखाती है कि हमारी पृथ्वी अपने अंदर कई तरह के अद्भुत नजारे समेटे हुए है। अक्सर इनका पता अंतरिक्ष से देखने पर चलता है। पृथ्वी के अंदरूनी हिस्सों में हुई उथल-पुथल से सहारा रेगिस्तान जैसे सुदूर इलाकों में बनी भूवैज्ञानिक संरचनाएं वैज्ञानिकों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

## 51200 साल पुराना राज!

# इंसानों से पहले किसने बनाई ये रहस्यमयी सुअर की पेंटिंग?

**जकार्ता।** हमारी दुनिया में रोज नई-नई खोज तो होती रहती है पर हाल ही में इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप में एक गुफा एक प्राचीन पेंटिंग की खोज की गई है। इस पेंटिंग में लाल रंग के ओकरी से एक 'वॉर्टी पिग' यानी खुरदरे सुअर का चित्र बनाया गया है। पेंटिंग लगभग चार फीट चौड़ी है और कैल्शियम कार्बोनेट की पतली परत के कारण आज तक सुरक्षित है। इस परत की उम्र लगभग 51200 साल बताई गई है। इसका मतलब है कि यह चित्रण धरती पर पाए जाने वाले सबसे पुराने चित्रों में से एक है।



## प्राचीन मानव भी चित्रकारी करने में सक्षम

वैज्ञानिकों के मुताबिक इन खोजों ने यह सिद्ध कर दिया है कि रचनात्मक सोच केवल आधुनिक मानव तक सीमित नहीं थी। नेएंडरथल और अन्य प्राचीन मानव भी चित्रकारी करने में सक्षम थे। पहले लोगों को लगता था कि होमो सेपियन्स ही सोच और कला में एडवांस हैं पर ऐसा नहीं है।

## 64,000 साल से अधिक उम्र

लेकिन, सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस पेंटिंग को शायद आज के मानवों ने नहीं बनाया था। यही नहीं, यूरोप के स्पेन में तीन गुफाओं में शोधकर्ताओं को लाल रंग के अमूर्त चिन्ह, डॉट और हाथ के निशान वाले पेंटिंग मिले है। इनकी उम्र 64,000 साल से अधिक बताई गई है। यह समय आधुनिक मानव के यूरोप आने से 20,000 साल पहले का है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इन चित्रों के निर्माता नेएंडरथल हो सकते हैं। निएंडरथल मानव होमो वंश के विलुप्त सदस्यों में से एक है।

## युरेनियम-थोरियम डेटिंग से पता चला डेट

2018 में प्रकाशित एक अध्ययन में स्पेन की गुफाओं में पाई गई पेंटिंग्स को युरेनियम-थोरियम डेटिंग से डेट निकाली गई है। इसके अनुसार इन चित्रों की कम से कम उम्र 64,800 साल है। सुलावेसी में मिली पिग पेंटिंग की उम्र भी 51200 साल से अधिक है। यह चित्रण शैली और कला की समझ की प्राचीन क्षमता को दर्शाने का काम करता है। इसके अलावा दक्षिणी स्पेन में 115,000 साल पुराने शंख मोती और लाल रंग के ओकरी भी मिले है। शोधकर्ता मानते हैं कि इस तरह की प्रतीकात्मक सोच हमारे पूर्वजों से चली आ रही हो सकती है, जो 500,000 साल पहले के आसपास रहते थे

# फिलीपींस में बिक रहा है सेकंड-हैंड फ्राइड चिकन, चाव से खा रहे हैं लोग

फिलीपींस की एक डिश इन दिनों लोगों के बीच काफी ज्यादा चर्चा में है। जिसे दुनिया 'सेकंड-हैंड फ्राइड चिकन' कह रही है। मजे की बात तो ये है कि इस देश में इसको लेकर तगड़ा क्रेज देखने को मिल रहा है और लोग इसे खूब खा रहे है। सेकंड हैंड कारें, मोबाइल, किताबें, फर्नीचर जैसी चीजों के बारे में तो आपने बहुत-कुछ सुना होगा। वैसे क्या कभी आपके दिमाग में आया कि खाना भी सेकंड-हैंड हो सकता है? यह सुनकर कोई भी चौंक जाएगा। फिर भी दुनिया में एक ऐसी जगह है जहां यह बात रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा है। यह कहानी सिर्फ अजीब लगने वाली नहीं, बल्कि दिल को झकझोर देने वाली



भी है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार फिलीपींस की कई झुग्गी बस्तियों में दशकों से एक डिश बनाई और खाई जाती है, जिसे स्थानीय लोग पगपग कहते है। शब्द का अर्थ होता है धूल झाड़ना, लेकिन यहां धूल नहीं हटाई जाती, बल्कि उन खाने के टुकड़ों को साफ किया जाता है जो अमीर इलाकों के रेस्तरां और फास्ट-फूड चेन से कूड़े में फेंक दिए जाते है। खासकर फ्राइड चिकन के बचे हुए हिस्से। इन्हें उठाकर धोया जाता है, दोबारा मसाले लगाए जाते हैं और फिर तेल में तला जाता है। इस डिश को लेकर अगर सीधे शब्दों में कहें तो यह किसी और की प्लेट से निकला जूठा चिकन होता है, जिसे थोड़ी मेहनत के बाद नया बना दिया जाता है।

## ये सेकंड-हैंड फ्राइड चिकन तैयार कैसे होता है?

हर सुबह कुछ लोग बड़े-बड़े कूड़ाघरों की ओर निकलते है। इनका काम होता है ऐसे खाने के टुकड़ों की तलाश करना जो दिखने में अभी भी ठीक हों मानो उन्हें फेंका तो गया है, पर वे पूरी तरह खराब नहीं हुए। ये लोग प्लास्टिक की थैलियों और टोकरी में जितना भी खाने लायक बचा-खुचा मिल जाए, इकट्ठा कर लेते हैं। इसके बाद यह सामान उन विक्रेताओं तक पहुंचता है, जो पगपग बनाकर बेचते हैं। उनका तरीका कुछ इस तरह होता है कि पहले चिकन या मांस के टुकड़ों को पानी से धोकर साफ किया जाता है ताकि गंदगी हट जाए, फिर इसमें नमक, मिर्च और अन्य मसाले डालकर दुबारा स्वाद बनाया जाता है। उसके बाद इसे गर्म तेल में अच्छी तरह तल दिया जाता है, ताकि गंध और शक दूर हो जाए और खाने वाला इसे ताजा समझ सके। इस पूरी प्रक्रिया के बाद एक थाली पगपग की कीमत लगभग 2030 पेसो यानी हमारे हिसाब से करीब 2025 रुपए होती है। इतनी कम कीमत ही इसे उन परिवारों की मजबूरी में शामिल कर देती है, जिनके पास दो वक्त का भोजन जुटाना भी कठिन होता है।

# गायब हुआ शख्स 30 साल बाद अचानक लौट आया...वही उम्र, वही कपड़े, सब कुछ वहीं का वहीं



**बुखारेस्ट।** जरा एक पल के लिए सोचिए...आप घर का दरवाजा खोलते हैं और सामने खड़ा है वही शख्स, वही कपड़े, वही चेहरा, वही उम्र...बिल्कुल वैसा जैसा 30 साल पहले था। दिल धड़कना भूल जाए...दिमाग कहे 'ये कैसे हो सकता है?' यही कहानी है रोमानिया के 95 साल के वासिले गोर्गोस की, जिनकी वापसी ने पूरे गांव को सन्न कर दिया।

## 30 साल पहले गायब उसी हालत में वापसी

वासिले 1991 में एक छोटे से काम के लिए घर से निकले थे। ट्रेन का टिकट जेब में, वही पुराने कपड़े पहने और फिर वो कभी लौटे ही नहीं। पुलिस, गांव वाले, रिश्तेदार...सबने खोजा, पर कुछ नहीं मिला। साल बीतते गए और परिवार ने मान लिया 'वो अब नहीं रहे।'

## एक कार दरवाजे पर रुकी और रहस्य की एंट्री हुई

कहानी का सबसे डरावना मोड़। एक अनजान कार घर के बाहर आकर रुकी। दो लोग उतरे, वासिले को उतारकर वहीं छोड़ दिया और कार हवा की तरह गायब। न नंबर दिखा, न चेहरा...कुछ भी नहीं। वासिले बिल्कुल उसी हालत में थे, वही 1991 वाले कपड़े, वही पुराना ट्रेन टिकट, वही पहचान पत्र और हैरानी की बात...उम्र भी 30 साल बढ़ी हुई नहीं लग रही थी।

# पोते-पोतियों की देखभाल के लिए पैसे वसूलती है ये दादी

**लंदन।** ब्रिटेन की एक दादी इन दिनों अपने चौंकाने वाले वीडियो के कारण इंटरनेट पर सुर्खियां बटोर रही हैं। यह मॉडर्न ग्रैनी अपने ही बच्चों से अपने पोते-पोतियों की देखभाल के लिए 10 पाउंड प्रति घंटा (लगभग 1,200 रुपए) वसूलती है। इतना ही नहीं, अगर पोते-पोती रात भर साथ रुकते हैं, तो यह 'केयरटेकिंग सर्विस' सीधे 100 पाउंड (लगभग 12,000 रुपए) हो जाती है। यह महिला उस पुरानी सोच को दरकिनार करती है, जहां दादा-दादी अपने पोते-पोतियों को सिर्फ देखकर ही खुश हो जाते थे। यह मॉडर्न दादी सुबह उठने से पहले अपने बैंक बैलेंस का अलार्म सेट करती है। वेल्स की रहने वाली इस महिला के शॉकिंग खुलासे के बाद सोशल मीडिया दो हिस्सों में बंट गया है। एक तरफ जहां लोग महिला को स्वार्थी और पैसों की लालची कह रहे हैं, क्योंकि पोते-पोतियों की देखभाल बिना शर्त वाला प्यार का हिस्सा होता है। लेकिन, इस दादी को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि लोग क्या कहेंगे। वह अपने विवादित बयान पर अड़ी हुई है, और वीडियो में उसने साफ तौर पर कहा है, मैंने 40 की उम्र में दादी बनने के लिए साइन नहीं किया था। मैं तो इस काम के बजाय नौकरी करना ज्यादा पसंद करूंगी। महिला ने आगे कहा, अगर मैं अपने पोते-पोतियों की देखभाल कर रही हूं, तो मेरा मेहनताना मिलना ही चाहिए। महिला का तर्क है कि सुबह-सुबह बिना जरूरत के उठना और बच्चों की भाग-दौड़ संभालना उन्हें मजबूर करता है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com